


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 173

ग्वालियर, गुरूवार, 12 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### मोदी कैबिनेट में शामिल नए मंत्रियों के लिए सभी 14 जिलों में आशीर्वाद यात्रा निकालेगी भाजपा

**नई दिल्ली (ए)।** मोदी कैबिनेट के नए मंत्रियों के लिए भाजपा देश भर में जन आशीर्वाद यात्रा निकालेगी। दिल्ली प्रदेश भाजपा की ओर से भी सभी 14 जिलों में इस यात्रा को निकालने की तैयारी चल रही है। इस यात्रा में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी शामिल होंगी। 16 से 20 अगस्त के बीच होने वाली इस यात्रा में 43 नए मंत्री लोगों से रूबरू होंगे और उनका आशीर्वाद लेंगे। यह यात्रा आंतरिक, बाहरी, आर्थिक, सामाजिक, स्वास्थ्य क्षेत्रों और कार्यक्रमों भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में जनता को बताएगी। इसका उद्देश्य आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करके रोजगार को बढ़ावा देना है।

### डीजीसीए की सलाह: विदेश जाने वाले एयरलाइंस की वेबसाइट पर जांचें किराया

**नई दिल्ली (ए)।** विमानन नियामक एजेंसी (डीजीसीए) ने विदेश जा रहे यात्रियों को सलाह दी है कि उन्हें टिकट का किराया संबंधित एयरलाइन की वेबसाइट पर जांच लेना चाहिए क्योंकि मेटासर्च इंजन कई बार सही किराया नहीं बताते। भारत में गूगल व स्काई स्कैनर जैसे कई मेटासर्च इंजन काम करते हैं। डीजीसीए ने ट्वीट किया, जब यात्री प्रस्थान से गंतव्य तक की यात्रा के टिकट की कीमत जानने का प्रयास कर रहे होते हैं तब मेटासर्च इंजन कभी-कभी कई एयरलाइन की सेवाओं को जोड़ कर किराया बताते हैं, जिससे किराया अधिक लगता है। गृह मंत्रालय के अंतर राज्यीय परिषद सचिवालय में सचिव संजीव गुप्ता ने शिकायत की थी कि 26 अगस्त के लिए दिल्ली से लंदन की उड़ान का ब्रिटिश एयरवेज में इकोनॉमी क्लास का किराया 3.95 लाख रुपये था।

### सीबीआई: इंडियन बैंक से 100 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में 9 गिरफ्तार

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने इंडियन बैंक में चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट (सीपीटी) की 100 करोड़ रुपये से अधिक की सावधि जमा को बंद करके कथित रूप से धोखाधड़ी के आरोप में 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी ने पिछले साल 31 जुलाई को बैंक के अधिकारियों, निजी व्यक्तियों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ आरोपों की जांच शुरू की थी। बैंक में रखी गई 100.57 करोड़ रुपये से अधिक की सीपीटी की सावधि जमा को साजिश के तौर पर बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि राशि निकालकर विभिन्न खातों में स्थानांतरित कर दी गई। सीबीआई के प्रवक्ता आरसी जोशी ने कहा, इंडियन बैंक को कई सावधि जमाओं को फोरक्लोजिंग, प्री-क्लोजिंग के माध्यम से 45.40 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

### योगी सरकार रक्षाबंधन पर बहनों को देगी मुफ्त बस यात्रा का उपहार

**नई दिल्ली (ए)।** योगी सरकार हर बार की तरह इस साल भी रक्षाबंधन पर बहनों को यूपी रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा का उपहार देने वाली है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी रोडवेज जल्द ही इसका आदेश जारी करने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि 21 अगस्त की आधी रात से 22 अगस्त की आधी रात तक राज्य की सभी श्रेणी की सरकारी बसों में बहनों को यह सुविधा मिलेगी। यूपी में मिशन शक्ति का तीसरा चरण 21 अगस्त यानी रक्षाबंधन से ठीक एक दिन पहले शुरू हो रहा है।

## किन्नौर हादसे और रेस्क्यू

# मलबे में दबी बस के ड्राइवर का फोन चालू था लोगों ने कॉल करके बचाने की गुहार लगाई

### सेना और ITBP रेस्क्यू के लिए पहुंची

शिमला। बरसात में हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों में लैंडस्लाइडिंग की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। किन्नौर में बुधवार को पहाड़ों से गिरती चट्टानों ने नेशनल हाईवे-5 से गुजर रही हिमाचल रोडवेज की बस समेत एक ट्रक और दो कारों को अपनी चपेट में ले लिया।





हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, वहीं करीब 60 लोगों के मलबे में फंसने की खबर है। अब तक 10 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। जानकारी के मुताबिक, पहाड़ से गुजर रही जो बस मलबे में दब गई थी, उसके ड्राइवर का फोन चालू था। बस के कंडक्टर और मुसाफिरों ने उसी फोन से कॉल करके मदद मांगी। इसके बाद रेस्क्यू टीम लोगों को बचाने पहुंचीं।



### उज्ज्वला योजना के तहत मिले 90 प्रतिशत सिलेंडर धूल खा रहे: प्रियंका गांधी वाड्रा

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उज्ज्वला योजना के दूसरे चरण की शुरुआत करने के बाद उन्होंने दावा किया कि उज्ज्वला के तहत मिले 90 प्रतिशत सिलेंडर धूल खा रहे हैं।इतना ही नहीं महिलाएं चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर हैं।क्योंकि भाजपा सरकार ने सिलेंडर के दाम 7 सालों में दुगने और सब्सिडी न के बराबर कर दी है। प्रियंका ने कहा, अगर उज्ज्वला को लेकर सरकार जरा भी ईमानदार हैं,तब गरीबों को सब्सिडी देकर महंगाई कम करे। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तरप्रदेश के महोबा जिले से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के दूसरे चरण की शुरुआत की। उन्होंने उज्ज्वला योजना-दो के 10 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस ऑनलाइन कार्यक्रम में मोदी ने उज्ज्वला योजना के पहले चरण के पांच लाभार्थियों से बातचीत भी की थी।

### PM मोदी से मिले कैप्टन अमरिंदर

# कृषि सुधार कानून रद्द करने की उठाई मांग, बोले- देश विरोधी ताकतें उठा सकती हैं किसान आंदोलन का फायदा

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली में मुलाकात की। कैप्टन ने पीएम से कृषि सुधार कानून रद्द करने की मांग की। उन्होंने पीएम को बताया कि किसान आंदोलन से पंजाब की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। वहीं, अगले विधानसभा चुनाव के वक्त इससे पंजाब के भीतर सामाजिक सौहार्द भी प्रभावित होने की आशंका है।

कैप्टन अमरिंदर सिंह ने प्रधानमंत्री को 2 पत्र सौंपे हैं। जिनमें कैप्टन ने कृषि सुधार कानूनों की तत्काल समीक्षा और रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इन कानूनों की वजह से किसानों में व्यापक आक्रोश फैला है और वो पिछले साल 26 नवंबर से दिल्ली बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे हैं। जिसमें अब तक 400



से ज्यादा किसानों और खेत मजदूरों की जान जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि ये आंदोलन पंजाब और देश के लिए खतरा हो सकता है क्योंकि पाक समर्थित भारत विरोधी ताकतें किसानों की सरकार से नाराजगी का फायदा उठाने की कोशिश कर रही हैं। कैप्टन ने कहा कि इस मामले के स्थायी समाधान करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी किसानों की जायज मांगों पर विचार करें और आंदोलन खत्म करवाएं।

## राहुल गांधी के ट्वीट ने हमारी नीति का उल्लंघन किया



**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एक्शन की मांग वाली याचिका पर ट्विटर ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया है कि कांग्रेस नेता ने अपने ट्वीट से ट्विटर की नीति का उल्लंघन किया है। जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान ट्विटर ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि राहुल गांधी के ट्वीट ने उनकी नीति का उल्लंघन किया। राहुल गांधी पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर दिल्ली की नाबालिग रेप पीड़िता के परिवार की पहचान उजागर की थी। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट में नाबालिग बच्ची से रेप और मौत के मामले में परिजनों की पहचान उजागर करने वाले राहुल गांधी के ट्वीट के मामले में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और पुलिस को उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की गई है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के नांगल गांव में दरिंदगी का शिकार हुई 9 साल की दलित बच्ची के परिवार से मिलने के लिए बीते दिनों राहुल गांधी उसके घर गए थे।

## लोकसभा की कार्यवाही खत्म होने के बाद ओम बिरला ने पीएम मोदी, अमित शाह और सोनिया गांधी के साथ की बैठक

**नई दिल्ली (ए)।** लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल तक स्थगित होने के बाद स्पीकर ओम बिरला ने बैठक की। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी शामिल हुए।गौरतलब है कि मानसून सत्र के लिए लोकसभा की बैठक बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। पेगासस जासूसी मामला, तीन केंद्रीय कृषि कानून को वापस लेने की मांग सहित अन्य मुद्दों पर विपक्षी दलों के शोर-शराबे की वजह से पूरे सत्र में सदन में कामकाज बाधित रहा और सिर्फ 22 फीसदी काम हुआ। लोकसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद पीएम मोदी और अमित शाह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की भेंट। ये मुलाकात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कक्ष में हुई। सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता अधीर



रंजन चौधरी भी स्पीकर बिरला से मिलने पहुंचे। इसके अलावा तृणमूल कांग्रेस, अकाली दल, वाईएसआरसीपी, बीजू जनता दल समेत कई विपक्षी दलों के नेता भी पहुंचे स्पीकर बिरला से मिलने पहुंचे। लोकसभा अध्यक्ष ने किया सभी दलों के नेताओं से आग्रह किया कि भविष्य में सदन में चर्चा और संवाद को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि चर्चा और संवाद से ही जनता का कल्याण होगा। चर्चा से ही जनता के आभाव दूर हो सकते हैं। इससे पहले ओम बिरला ने सुबह कार्यवाही शुरू होने पर बताया कि 17वीं लोकसभा की छठी बैठक 19 जुलाई 2021 को शुरू हुई और इस दौरान 17 बैठकों में 21 घंटे 14 मिनट कामकाज हुआ। उन्होंने कहा, ''सदन में कामकाज अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा।'' उन्होंने बताया कि व्यवधान के कारण 96 घंटे में करीब 74 घंटे कामकाज नहीं हो सका।

## बॉम्बे हाई कोर्ट से अभिनेत्री कंगना रनौत को नहीं मिली राहत

**मुंबई, (ए)।** बुधवार को बॉम्बे हाई कोर्ट में अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ देशद्रोह और भड़काऊ ट्वीट करने के मामले में सुनवाई हुई, जिसके बाद इस मामले की सुनवाई 13 सितंबर तक के लिए टाल दी गई है. बता दें कि कंगना रनौत के खिलाफ मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में देशद्रोह का मामला दर्ज हुआ था. इस मामले को रद्द करने के लिए कंगना ने बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसपर बुधवार को सुनवाई हुई. मालूम हो कि कंगना रनौत द्वारा किसान आंदोलन के दौरान किए गए ट्वीट को लेकर काफी बवाल मचा था. कंगना के इन्हीं ट्वीट्स के कारण मुंबई के रहने वाले एक शख्स ने कंगना और उनकी बहन रंगोली चंदेल के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा बांद्रा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया था. इस मामले में कई बार कंगना को पुलिस द्वारा नोटिस दिया गया, ताकि वह अपना बयान दर्ज करा सकें, लेकिन कई दिनों तक अभिनेत्री कंगना इस नोटिस को टालती रहीं और वह अपना बयान दर्ज कराने पुलिस थाना नहीं पहुंची।




### कमलनाथ ने पार्टी का झंडा दिखा कर

# 'जन संसद संवाद' यात्रा का शुभारम्भ किया

**भोपाल (ए)।** कमलनाथ ने इंदिरा भवन शिवाजी नगर भोपाल से जन संसद संवाद यात्रा को पार्टी का झंडा दिखा कर रवाना किया यह यात्रा समूचे मध्य प्रदेश में जायेगी और जगह जगह नुक्कड़ सभा, बैठक और जन संसद संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा आज भाजपा सरकार के द्वारा जनता की समस्याओ की अनदेखी की जा रही है, जो गंभीर समस्याओ के लिए आवाज़ उठाता है उसे देश द्रोही करार देने का प्रयास किया जाता है, ऐसे कई मुद्दे है जिन पर संसद में बहस कराने की आवश्यकता



है लेकिन भाजपा सरकार ने जनप्रतिनिधियों का यह अधिकार भी समाप्त कर दिया है इन मुद्दों पर सदन में कोई चर्चा और बहस नहीं होती है इसीलिए ऐसे समय में श्रीमती सोनिया गाँधी जी राहुल गाँधी जी, कमलनाथ जी की मंशानुसार तथा राजमणि पटेल सांसद राज्यसभा, अध्यक्ष म.प्र. कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग की अपील अनुसार हर जिले में जन-संसद-संवाद का आयोजन किया जा रहा है जिसमे जनता की सीधे भागेदारी रहेगी खुले रूप से उपरोक्त मुद्दों पर विचार विमर्श होगा, भाजपा के द्वारा किये गए झूठे वादों की पोल खोली जाएगी तथा सुझाव भी लिए जायेंगे जिस पर अमल करने के लिए सरकार पर दबाब बनाया जायेगा।






### तीसरी लहर को लेकर बड़ी चेतावनी — संक्रमण कब रुकेगा अनुमान लगा पाना मुश्किल

# वैक्सीन से बनी हर्ड इम्यूनिटी भी डेल्टा वैरिएंट के सामने नाकाम

**लंदन,(ए)।** कोरोना की तीसरी लहर के लिए सबसे बड़ी वजह माना जा रहा डेल्टा वैरिएंट और ज्यादा खतरनाक होता जा रहा है। एक्सपर्ट्स का दावा है कि वैक्सीनेशन के बाद हर्ड इम्यूनिटी भी इस वैरिएंट को रोक पाने में नाकाम लग रही है। वैक्सीनेशन के बाद भी लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में संक्रमण कब तक रहेगा यह कह पाना मुश्किल है। ऑक्सफोर्ड वैक्सीन ग्रुप के प्रमुख प्रोफेसर एंड्रयू पोलार्ड ने मंगलवार को ब्रिटेन के ऑल पार्टी पार्लियामेंट्री ग्रुप की मीटिंग में ये बाते कहीं। पोलार्ड ने कहा कि महामारी तेजी से अपना स्वरूप बदल रही है। डेल्टा वैरिएंट अभी सबसे ज्यादा संक्रामक बना हुआ है। प्रोफेसर एंड्रयू पोलार्ड ने कहा, %हमारे पास ऐसा कुछ नहीं है जो संक्रमण को फैलने से रोक सके। इसलिए मुझे लगता है कि हम ऐसी स्थिति में हैं जहां हर्ड इम्यूनिटी संभव नहीं है। मुझे आशंका है कि यह वायरस ऐसा नया स्वरूप पैदा करेगा जो टीका लगवा चुके लोगों को भी संक्रमित करने में सक्षम होगा।' बता दें कि डेल्टा वैरिएंट के केस सबसे पहले भारत में ही मिले थे। दूसरी लहर में खतरनाक हुए संक्रमण के बाद अगर देश में तीसरी लहर आती है तो इसकी सबसे बड़ी वजह डेल्टा वैरिएंट को ही बताया जा रहा है। यह एक आदमी से दूसरे तक बहुत तेजी से फैलता है। डेल्टा वैरिएंट दुनिया के 150 से ज्यादा देशों में फैल चुका है।



### वैक्सीन नहीं लगवाने वाले कभी भी हो सकते हैं संक्रमित

प्रोफेसर पोलार्ड ने उन लोगों को सीधे तौर पर चेतावनी दी है, जो अभी भी वैक्सीन को लेकर लापरवाही बरत रहे हैं। पोलार्ड ने कहा कि जिन लोगों ने अभी भी वैक्सीन नहीं ली है, वे जल्दी से टीका ले लें। वर्ना वे कब संक्रमित होंगे, उन्हें खुद पता नहीं चलेगा। पोलार्ड ने वैक्सीनेशन को लेकर साफ तौर पर कहा कि यह जितना जल्दी और जितना ज्यादा हो जाए, उतना अच्छा है। प्रोफेसर पोलार्ड ने कहा, 'इस संक्रमण के साथ दिक्कत यह है कि यह खसरा नहीं है। अगर 95त्न लोगों को खसरे का टीका लगा दिया जाता है तो यह वायरस फैल नहीं सकता। वहीं डेल्टा स्वरूप उन लोगों को संक्रमित करता है जो वैक्सीन ले चुके हैं। इसका मतलब है कि जिसने अभी तक टीका नहीं लगवाया है वह कभी न कभी संक्रमित हो सकता है।'

### हर्ड इम्यूनिटी को लेकर दूसरे एक्सपर्ट्स को भी संदेह

यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट एंगलिया में मेडिसिन प्रोफेसर और संक्रामक रोगों के विशेषज्ञ पॉल हंटर ने भी हर्ड इम्यूनिटी को लेकर प्रोफेसर पोलार्ड के दावे का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, 'हर्ड इम्युनिटी की अवधारणा हासिल नहीं की जा सकती।

## संक्षिप्त समाचार

### भारी वर्षा के कारण मकान गिरने एवं पानी में डूबने से मृत्यु होने पर परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**शिवपुरी।** भारी वर्षा के कारण मकान गिरने एवं पानी में डूबने से मृत्यु होने पर दो मृतकों के परिजनों को प्रत्येक को 4 लाख रूपए के मान से कुल 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदाय की गई है। अनुविभागीय अधिकारी करैरा ने बताया कि तहसील करैरा के ग्राम अमोला क्रेशर निवासी रामसेवक पुत्र रजुआ लोधी की भारी वर्षा के कारण मकान गिरने से मृत्यु होने पर उनकी निकटतम वारिस पत्नी मिथला लोधी को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार करैरा के ग्राम सिरसौद निवासी राज पुत्र संजय विश्वकर्मा की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर निकटतम वारिस पिता संजय विश्वकर्मा को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदाय की गई है।

### दसवीं और बारहवीं की विशेष परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि अब 15 अगस्त

शिवपुरी-माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल एहायर सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी व्यावसायिक परीक्षा 2021 की विशेष परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीयन करने की तिथि 15 अगस्त 2021 तक बढ़ाई गई है। पूर्व में यह 10 अगस्त निर्धारित थी। प्रदेश में अतिवृष्टि होने और ग्वालियर एवं चंबल संभाग में बा? की स्थिति निर्मित होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी व्यावसायिक परीक्षा 2021 के परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थी या जिनका परिणाम अनुपस्थित दर्शाते हुए घोषित किया गया था, ऐसे परीक्षार्थियों के लिए 1 सितंबर से 25 सितंबर 2021 के बीच विशेष परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थियों को 1 अगस्त से 10 अगस्त 2021 के बीच एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन करने की सुविधा प्रदान की गई थी। विशेष परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन पंजीयन करने वाले छात्र जो किसी कारण से विशेष परीक्षा में सम्मिलित नहीं होना चाहते हैए गो 11 से 15 अगस्त 2021 तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन निरस्त कर सकते हैं।

### आजादी का अमृत महोत्सव में स्कूल शिक्षा विभाग करेगा उत्साहपूर्वक भागीदारी

शिवपुरी-भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियाँ आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत श्रंखलाबद्ध रूप से आयोजित की जा रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस जन.उत्सव में प्रदेश के सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों, पालकों और शैक्षणिक स्टाफ की उत्साहपूर्वक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र धनराजू एस ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव राष्ट्रीय गौरव व स्वाभिमान से जुड़ा है। इसमें प्रदेश के समस्त शासकीय, शासकीय अनुदान प्राप्त और अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों, पालको, शैक्षिक प्रशासकों और शैक्षणिक स्टाफ को विभिन्न गतिविधियों के संबंध में सूचित किया गया है।

# बाढ़ प्रभावित ग्रामों में भोजन और आवश्यक सामग्री वितरण की समीक्षा



### कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

शिवपुरी-कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन की टीम बाढ़ प्रभावित ग्रामों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रही है। उनके द्वारा प्रतिदिन राहत कार्य की समीक्षा की जा रही है। मंगलवार की देर शाम को जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने समीक्षा की और निर्देश दिए कि राहत कार्य में जिन अधिकारियों की ड्यूटी है वह अपने क्षेत्र का जायजा लें। जहां कहीं पके भोजन की जरूरत है उसकी डिमांड अनुसार खाना पहुंचाएं। इसके अलावा राशन और अन्य आवश्यक सामग्री जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाई जाए। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है। बाढ़ प्रभावित गांव में टीम सर्वे जल्दी पूरा करे। जिन लोगों के मकान नष्ट हो गए हैं उन्हें 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद शासन द्वारा दी जा रही है। प्रभावित व्यक्तियों को यह राशि जल्द दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम भी एक्टिव रखा जाए जिससे किसी व्यक्ति को कोई समस्या होने पर वह तत्काल संपर्क कर सके। कंट्रोल रूम के नंबर का प्रचार प्रसार कराएं।

### कोलारस और बदरवास के ग्रामों में निरीक्षण के दौरान बाढ़ प्रभावितों को वितरित की राहत सामग्री

कैबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने अपने शिवपुरी प्रवास के दौरान बुधवार को कोलारस और बदरवास विकासखंड के ग्रामों का निरीक्षण किया। उन्होंने कोलारस के ग्राम भड़ौता पहुंचकर बाढ़ प्रभावित आदिवासी परिवारों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। साथ ही उन्हें बताया कि शासन द्वारा अतिवृष्टि के कारण प्रभावित हुए लोगों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है इसलिए ग्रामीण परेशान ना हो।

मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने ग्रामीणों से कहा कि टीम द्वारा सर्वे किया गया है जिनके मकान नष्ट हो गए हैं उन्हें तत्काल आर्थिक मदद दी जाएगी। उन्होंने राहत सामग्री भी वितरित की जिसमें बच्चों के लिए दूध के पैकेट और कपड़े प्रदान किए। बुजुर्गों को शॉल और कंबल दिए। बाढ़ प्रभावित लोगों को अनाज भी प्रदान किया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों को भी राहत कार्य के संबंध में जरूरी निर्देश दिए।

### बदरवास के रेंझाघाट में चौपाल लगाकर सुनी समस्या

मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने बदरवास के गांव राजघाट में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों द्वारा विद्युत की समस्या बताने पर तत्काल विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए। इसके अलावा बाढ़ के कारण जो नुकसान हुआ है उसमें सर्वे के बाद प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान की जाएगी इस संबंध में भी ग्रामीणों को बताया और जरूरतमंद लोगों को कंबल भी वितरित किये।

### पोहरी एसडीएम बाढ़ प्रभावित गांव में पहुंचे, लिया भोजन और आवश्यक सामग्री का जायजा

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने निर्देशन में पोहरी एसडीएम राजन बी नाडिया ने हर्रई, सिलपरी, ऐंचवाड़ा सहित रायपुर ग्राम में जाकर लोगो की समस्याऐं सुनी एव मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लोगो को राहत दी जा रही है इसकी जानकारी दी। एसडीएम ने इन बाढ़ प्रभावित गांव में स्वयं जाकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आपको तत्काल खाने की व्यवस्था की जाएगी साथ ही सूखा राशन के साथ अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाई जाएगी। कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं रहेगा। गांव में सर्वे कार्य प्रारंभ हो चुका है किसी का मकान गिरा है तो तत्काल 6 हजार की सहायता के साथ खाने के लिए अनाज दिया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने सर्वे कार्य के प्रति खुशी जाहिर करते हुए प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह में जिले में हुई अतिवृष्टि के कारण कई गांव में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई। वर्षा के कारण जिले के सैकड़ों गांव प्रभावित हुए हैं जहां लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा। ऐसे ही बाढ़ प्रभावित गांवों में जहां पके भोजन सहित राशन अन्य आवश्यक सामग्री की जरूरत है वहां तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश एसडीएम ने अधीनस्थ हमले को दिए हैं। सर्वे टीम का काम शुरू हो गया है। एसडीएम ने सर्वे कार्य का जायजा लिया। उन्होंने सर्वे टीम से जानकारी ली और निर्देश भी दिए। इसी दौरन एसडीएम राजन बी नाडिया के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र आदिवासी एवं राजस्व कर्मचारी एव पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।



## आपदा में राहत को लेकर काम करेगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टीः जिलाध्यक्ष राकेश वंशकार

### राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने लिया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा



शिवपुरी-बाढ़ आपदा को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी आपदा में राहत को लेकर कार्य करेगी और इसके लिए एक ओर जहां शासन के द्वारा सर्वे कार्य की मॉनीटरिंग होगी तो वहीं स्वंय ग्रामीण और कृषकों के बीच पहुंचकर भी उनके हालातों की जानकारी ली जाएगीए इसे लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के द्वारा एक दल गठित कर ग्राम-ग्राम भ्रमण किया जाएगा और हर संभव सहायता बाढ़ से प्रभावित लोगों को मुहैया कराई जाए इसके लिए कार्य किया जाएगा। उक्त बात कही राष्ट्रीवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश वंशकार ने जो स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र करमांजकला, कबीरखेड़ी, पिपरसमा, तानपुर, लालगढ़, लोहादेवी, खोइया और करमाजकला ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया गया जहां ग्रामीणजनों से उनके हालातों की जानकारी ली गई और उनकी समस्याओ को पार्टी पदाधिकारियों ने इंगित करते हुए समस्या के शीघ्र निराकरण करने का भरोसा ग्रामीणों व कृषकों को दिया गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पंवार व डॉ.धीरज शर्मा सहित मप्र अध्यक्ष नीलेश शर्मा, राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी मप्र सतीश काठरवाड़ा, मप्र महासचिव श्रीमती जानकी पाण्डे और संगठन मंत्री मप्र चन्द्रहास सिंह तोमर के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणजनों के बीच पहुंचकर राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस जिला शिवपुरी के जिलाध्यक्ष राकेश वंशकार द्वारा बाढ़ आपदा के हालातों की जानकारी ली गई और यथा संभव ग्रामीणों को सहायता मुहैया कराई जाएगी।

## शिवपुरी के मेहर ने नाम किया रोशन, अंडर 16 मप्र क्रिकेट कैंप में चुने गए

शिवपुरी।

शिवपुरी के मेहर शर्मा ने मप्र क्रिकेट एसोसिएशन अंडर 16 कैम्प में चयनित होकर शहर का नाम रोशन कर दिया है। मेहर का चयन हाल ही में इंदौर में आयोजित 3 दिवसीय मप्र चयन ट्रायल में हुआ है। एमपीसीए ने कैम्प के लिए प्रदेश भर से 26 खिला?ियों का चयन किया है।उल्लेखनीय है कि कैम्प में चयनित खिला?ी कूच बिहार ट्रॉफी में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।शहर के गाँधी कॉलोनी निवासी ज?ीबूटी व्यवसायी जयप्रकाश शर्मा-कल्पना शर्मा के इकलौते पुत्र मेहर शर्मा का बचपन से ही क्रिकेट के प्रति लगाव देखकर उनके पिता के गुरु एवं विश्व आध्यात्मिक संस्थान के मुख्य संस्थापक व आध्यात्मिक संत डॉ रघुवीर सिंह गौर



द्वारा यह निर्णय लिया गया कि मेहर को क्रिकेट की विधिवत ट्रेंनिग दिलाई जाए।9 वर्ष की आयु में मेहर को स्थानीय छोटे खान की एकेडमी में प्रशिक्षण दिलाया गया।इसके बाद मेहर कदम दर कदम आगे ब?ता चला गया।पहले अंडर12 की डिस्ट्रिक टीम में फिर डिवीजन टीम में सिलेक्सन होने के बाद आज मेहर प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ खिला?ियों में शुमार हो चुके है। मेहर तानसेन एकेडमी ग्वालियर के लिये भी खेलते हैं। वर्तमान में मेहर प्रसिद्ध क्रिकेटर गौतम गंभीर के कोच एवं द्रोणाचार्य पुरुस्कार प्राप्त संजय भारद्वाज की लाल बहादुर एकेडमी नई दिल्ली में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## चाइल्ड लाइन स्वयं सेवकों के घर पर किया पौधारोपण



शिवपुरी।

चाइल्ड लाइन शिवपुरी की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत टूरिस्ट वेलकम सेंटर परिसर व चाइल्ड लाइन स्वयं सेवकों के घर पर पौधारोपण किया गया। जिसमे फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे चाइल्ड लाइन कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए। चाइल्ड लाइन से सेंटर समन्वयक द्वारा कहा कि कोरोना काल में हजारों लोगों कोऑक्सीजन की कमी की वजह से जान गंवानी पड़ी है। कोरोना ने हरियाली की जरूरत को महसूस कराया है। इस दौर में पौधारोपण मिशन एक वरदान साबित होगा। पौधा मानव व जीव जंतु के लिए वरदान हैं। इसके बिना धरती पर जीवन की कल्पना करना संभव नहीं है। व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। चाइल्ड लाइन पौधरोपण मिशन अभियान में पौधे लगाए जा रहे हैं। पौधों के संरक्षण संकल्प लिया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में चाइल्ड लाइन नोडल शालिनी दिवाकर, चाइल्ड लाइन सेंटर समन्वयक अरुण कुमार, चाइल्ड लाइन टीम सदस्य, संगीत चव्हाण, हिम्मत रावत, समीर खान, विनोद परिहार, अवसार बानो, सुल्तान सिंह काउन्सलर सृष्टी ओझा, व वालंटियर नीरज मौजूद थे।

## शिवपुरी में एक रात में दो सैकड़ा पक्षियों की मौत, बर्ड फ्लू फैलने की आशंका





शिवपुरी।

शिवपुरी जिले में बाढ़ के बाद अब बर्ड फ्लू फैलने की आशंका ने लोगों को चिंता में डाल दिया है। जिले की बदरवास तहसील के हथनापुर गांव में मंगलवार शाम से बुधवार सुबह तक करीब 200 गौरेया मरी मिलीं। ग्रामीणों के मुताबिक पेड़ पर बैठीं गौरेया एक-एक कर नीचे गिरीं। यह सिलसिला रातभर चलता रहा। सुबह होते-होते मृत चिड़ियों का ढेर लग गया। पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने 23 सैंपल कलेक्ट किए इसमें से तीन सैंपल को बर्ड फ्लू की जांच के लिए भोपाल भेजा गया है। ग्रामीणों के अनुसार रोजाना की तरह गांव के पेड़ों पर रात गुजारने वाली चिड़िया मंगलवार शाम भी पेड़ों पर आकर बैठ गईं। चिड़ियों के चहचहाने की आवाज के बीच देर शाम पेड़ पर बैठी चिड़ियों का जमीन पर गिरना शुरू हुआ। यह सिलसिला रात भर चलता रहा। ग्रामीणों की मानें तो सुबह तक करीब 200 चिड़ियों की मौत हो गई। अचानक हुई इन मौतों से गांव में दहशत फैल गई। मामले की जानकारी तत्काल पशु चिकित्सा विभाग को दी गई।

### इनका कहना है

हो सकता है कीटनाशक लगा बीज खाया हो यह बात सही है कि हथनापुर में चिड़ियों की मौत हुई है। फिलहाल, देश भर में कहीं से भी बर्ड फ्लू की खबर नहीं है। ऐसे में यह भी संभव है कि चिड़ियों की मौत खेती में उपयोग किया जाने वाला कीटनाशक लगा बीज आदि खाने से हुई हो लेकिन फिर भी किसी भी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। सैम्पल जांच के लिए भोपाल भेजे हैं।

**डॉ. संजीव गौतम,**
**अतिरिक्त सहायक संचालक, पशु चिकित्सा विभाग**

## दो स्मैक तस्करों को 1 लाख की स्मैक एवं एक कार के साथ किया गिरफ्तार

**शिवपुरी।** एसपी राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन में शिवपुरी जिले में नशीले मादक पदार्थ रखने वाले एवं उसका परिवहन करने वाले लोगों के खिलाफ किल ड्रग्स अभियान चलाया गया है, एसपी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को इस दिशा में कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं जिसके तारतम्य में थाना फिजीकल उनि कृपाल सिंह राठौर एवं पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 2 स्मैक तस्करों को 25 ग्राम स्मैक कीमत करीबन 1 लाख रुपए एवं एक फोर व्हीलर गाड़ी के साथ दबोचा गया। थाना प्रभारी फिजीकल उनि कृपाल सिंह राठौर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो लोग एक होण्डा की कार क्रं. क्ल६ञ3000 मे स्मैक लेकर शिवपुरी मे खपाने वायपास होते हुये आ रहे है । उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी फिजीकल द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया जिस पर से पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी शिवपुरी अजय भार्गव, एसडीओपी एजेके/सायबर सेल दीपक तोमर के मार्गदर्शन में एक विशेष पुलिस टीम तैयार कर मुखबिर के बताए स्थान गौरीकुण्ड पर पहुंचकर वाहन चैकिंग शुरु की गई, चैकिंग के दौरान मुखबिर के बताए रंग की फोर व्हीलर कार आती दिखी जिसे रोका तो उसमे दो व्यक्ति बैठे मिले, जिनकी तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से 25 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक कीमत 1 लाख रुपए की विधिवत जप्त की गई, बाद पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही मे एसडीओपी एजेके सायबर सेल दीपक तोमर, थाना प्रभारी फिजिकल उनि कृपाल सिंह राठौर, उनि विनोद यादव, सायबर सेल एवं ऐडी टीम से उनि रविन्द्र सिकरवार, सउनि प्रवीण त्रिवेदी, प्रआर देवेन्द्र, कार्यवाहक प्रआर चंन्द्रभान, आरक्षक विकास चैहान, आर चा. राजेश मिश्रा की शराहनीय भूमिका रही।

# तीन तीन मंत्रियों वाले भिंड जिले के बाढ़ पीड़ितों को राहत की नहीं कोई उम्मीद





### जिले से दो विधायक, तीन मंत्री अरविंद भदौरिया और ओपीएस तीसरे प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत पीड़ितों की कोई नहीं ले रहा है सुध

भिण्ड । जिले की चंबल और सिंध नदी में आई भीषण बाढ़ आपदा के बाद अब बाढ़ का उफान तो कम दिखाई दे रहा है लेकिन नेताओं के आरोप- प्रत्यारोपों के बयानों का उफान चरम पर है। भिंड जिले मैं अचानक आई चंबल और सिंध नदी में बाढ़ से एक सैकड़ा से अधिक गांवों में तबाही मचाई थी पांच दिन तबाही मचाने के बाद अब चंबल और सिंध नदी में धीरे-धीरे पानी तो कम हो रहा है राहत-पुनर्वास के लिए सरकारी मशीनरी काम कर रही है, साथ ही अब जिले के स्थानीय नेताओं के दौरे बाढ़ आपदा क्षेत्र में शुरू हो गए है, नेता बाढ़ राहत क्षेत्रों में जाकर आम जनता को मौके पर राहत तो नहीं पहुंचा पा रहे लेकिन अपनी राजनीति चमका कर वोट बैंक को पुख्ता करने की कोशिश जरूर कर रहे हैं, कोई नेता बाढ़ पीड़ितों के बीच जाकर आश्वासनों की पुड़िया पकड़ा रहा है, तो कोई खाने के पैकेट देकर अपने आपको धन्य समझ रहा है, तो कहीं अपने इलाके में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का राशन कंधे पर रखकर पीड़ितों के बीच बांटकर बाहबही लूटने का प्रयास कर रहा है, तो कोई एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाकर राजनीति चमकाने का प्रयास कर रहा है, तो कोई बाढ़ पीड़ित सड़कों पर पड़े लोगों को नजरअंदाज करते हुए अपने चहेतों से मिलकर वापस जाते हुए दिखाई दे रहा हैं।

आपको बता दें चंबल और सिंध में आई बाढ़ के बाद जिले के नेता अपने-अपने इलाकों में सक्रिय हुए और लोगों के बीच पहुंचे कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री डॉक्टर गोविंद सिंह सिंध नदी में आई तबाही के बाद अपने लहार इलाके के बाढ़ पीड़ित गांव में पहुंचे और शिवराज सरकार पर हमला करते हुए बोले की मध्य प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है सरकार अगर धीरे-धीरे डेमो से पानी छोड़ दी तो तवाही नहीं आती, यह तबाही सरकार की गलती से डेम में अत्यधिक पानी छोड़ने से आई है, वही डॉक्टर गोविंद सिंह के सरकार पर हमले के बाद सक्रिय हुए राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया ने कांग्रेस पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए चवन्नी अठन्नी के बिस्किट बांट कर राजनीति करने का आरोप लगाया, वही चंबल द्वारा रौद्र रूप दिखाने के बाद इलाके में आई तबाही के बाद अटेर इलाके का दौरा करने पहुंचे अटेर से पूर्व विधायक हेमंत कटारे ने अटेर से भाजपा विधायक और कैविनेट मंत्री अरविंद भदोरिया पर इलाके में न आ कर भोपाल में बैठे रहने का आरोप लगाया, कांग्रेस के हमलावर होते ही मंत्री अरविंद भदौरिया भोपाल से दौड़ते हुए आए और अपनी विधानसभा अटेर इलाके में पहुचे ओर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाई जा रही गरीब कल्याण योजना के राशन की बोरियों को कंधे पर उठाकर बाढ़ पीड़ितों के बीच वितरित कर सरकारी कर्तव्य की इतिश्री की ओर और हेमंत कटारे के द्वारा लगाए गए भोपाल में बैठने के आरोप का जवाब अटेर इलाके में बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंच कर दिया, भिंड से पूर्व भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह खाने के दो हजार पैकेट बनवा कर बाढ़ पीड़ितों में बांटने पहुंचे और अपने इस कार्य को बाढ़ पीड़ितों को छोटी सी मदद बताते हुए कहा की बाकी नेता तो इलाकों में आ रहे हैं और पीड़ितों को आश्वासन की पुड़िया देकर चले जाते हैं, भिंड दतिया सांसद संध्या राय ने भी बाढ़ पीड़ित भारौली गांव का दौरा किया। सड़क किनारे प्लास्टिक पन्नी और ट्रालियों में घर बना कर रह रहे लोगों को नजरअंदाज करते हुए गांव में अपने चहेते लोगों से मिलकर वापस निकल गई। वही राज्यमंत्री ओपीएस भदोरिया ने भी अपनी विधानसभा में सिंध नदी द्वारा मचाई तबाही के बाद इलाके का दौरा किया और उनके बयान में लोगों की मदद कम ओर कॉग्रेस पर हमला ज्यादा दिखाई दिया।

वही भिंड से बसपा विधायक संजीव कुशवाहा संजू ने भी मीडिया में अपना चेहरा चमकाने के लिए ट्रैक्टर पर बैठकर भिंड इलाके के बाढ़ पीड़ित गांवों का दौरा किया और सरकार से 500 करोड़ रुपए की बाढ़ पीड़ितों की राहत के लिए स्पेशल पैकेज की मांग की वही भिंड के प्रभारी मंत्री गोविंद

## संक्षिप्त समाचार

### चंबल नदी का पानी खतरे के निशान से हुआ नीचे, ग्रामीणों ने ली चैन की सांस

भिण्ड। जिले में नदियों के उफान पर आने से 67 गांव पूरी तरह बर्बाद हो गए है। अब धीरे-धीरे पानी का बहाव उतार रहा है। जल संशाधन विभाग द्वारा जारी रिपार्ट में अब चंबल और सिंध का पानी खतरे के निशान से नीचे उतर गई है। पानी नीचे आते ही बाढ़ प्रभावित गांव के लोगों की टेंशन दूर हो गई। पिछले 10 दिनों से भिंड जिले की चंबल नदी और सिंध नदी उफान पर है। दोनों ही नदियों की वजह से 67 गांव तबाह मचाई है। इन गांव के लोगों को घर-द्वार छोड़कर बीहड़ों के ऊंचे टीलों का आश्रय लेना पड़ा है। दो दर्जन गांव ऐसे थे जिनमें लोग वापस नहीं जा पा रहे थे। इन गांव के घरों में बाढ़ का कीचड़ भर गया है। वहीं, कच्चे मकान बह गए है। पक्के मकान भी जवाब दे चुके हैं। ऐसे में यह लोगों ऊंचे स्थल पर तिरपाल तानकर परिवार के साथ गुजर बसर कर रहे है।

**सिंध का पौने दो मीटर और चंबल आधा मीटर उतरी**

सिंध और चंबल नदी में पानी का बहाव अभी बहुत तेज है। फिलहाल दोनों नदियां खतरे के निशान से नीचे आ चुकी है। चंबल नदी का खतरे का निशान 122 मीटर है। बुधवार की सुबह चंबल का जलस्तर 122.49 मीटर बना हुआ है। इसी तरह से सिंध का जलस्तर 8.20 मीटर हो गया है। सिंध का खतरे का निशान 10 मीटर पर है।

### अवैध हथियारों का जखीरा रखने वाले आरोपीगण को डकैती अधिनियम के तहत पांच-पांच साल की सजा

भिण्ड। बुधवार को न्यायालय ने अवैध हथियारों का जखीरा रखने वाले आरोपियों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। जनसंपर्क अधिकारी (अभियोजन) चंबल संभाग इन्द्रेश कुमार प्रधान द्वारा बताया गया कि 21 मार्च 2017 को थाना प्रभारी सुरपुरा रामबाबू यादव को मुखबिर से सूचना पर दो आरोपियों को हथियारों का जखीरा सप्लाई करते हुए पकड़ा। पूछाताछ में मोहरसिंह निवासी धौलपुर और उसका साथी मानसिंह कुशवाह बताया, पता चला। दोनों आरोपियों को मोटरसाइकिल आर.जे. 11 एस.जी. 7538 सहित गिरफ्तार किया गया। थाना वापस आकर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना पश्चात् अभियोग को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा डकैती अधिनियम के तहत पांच-पांच वर्ष का सश्रम कारावास एवं आयुध अधिनियम की धारा 25 के तहत तीन-तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच-पांच हजार के जुर्माने से दण्डित किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह निर्धारित रूपरेखा और दिशा-निर्देशों के अनुसार होगा आयोजित

### 15 अगस्त 2021 स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों हेतु बैठक सम्पन्न



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 15 अगस्त 2021 स्वतंत्रता दिवस के आयोजन की तैयारी हेतु बैठक बुधवार को कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, संयुक्त कलेक्टर वरुण अवस्थी, एसडीएम मेहगांव शुभम शर्मा, डिप्टी कलेक्टर महेश बडोले, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बैठक में कहा कि 15 अगस्त 2021 को स्वतंत्रता दिवस समारोह शासन की गाइडलाइन के अनुसार ही मनाया जाये। इस संबंध में रूपरेखा का निर्धारण किया गया है। यह रूपरेखा नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) को ध्यान में रखते हुये बनाई गई है। उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिला स्तर पर मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड में प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। जिसकी जिलेवार सूची सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी की जाएगी। प्रतिवर्ष के अनुसार राष्ट्रगान एवं पुलिस, होमगार्ड्स, एसएएफ इत्यादि द्वारा परेड का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। संदेश के अलावा कोई वाचन नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा सुनिश्चित की जाएगी। जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत और जनपद पंचायत में जिला/ जनपद पंचायत अध्यक्ष/ प्रशासनिक समिति के प्रधान द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और कार्यक्रम में राष्ट्रगान गाया जाएगा। ग्राम पंचायत कार्यालय में सरपंच/प्रशासनिक समिति के प्रधान द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और कार्यक्रम में राष्ट गान गाया जाएगा। ऐसे जिला/जनपद/ग्राम पंचायत जहां निर्वाचित अध्यक्ष/ प्रशासनिक समिति के प्रधान उपलब्ध नहीं होने की दशा में कार्यालय प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। नगर पालिका/नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष (जहां निर्वाचित अध्यक्ष कार्यरत हैं) द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। शेष नगरीय निकायों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने कहा कि जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में जिले के संसद सदस्य, विधायकगण, पार्षद एवं अन्य नागरिकों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित करें। सभी शासकीय कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए। कार्यालय प्रमुख प्रातः 8 बजे अपने विभाग के अधिकारी/कर्मचारी को एकत्रित कर कार्यालय भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएं और इस अवसर पर राष्ट गान गाया जाए। सभी शिक्षण संस्थाओं में पूर्व वर्षों की भांति प्रातः 8 बजे या इसके पूर्व ध्वजारोहण व राष्ट्रगान का सामूहिक गान किया जाए, किंतु स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को शामिल नहीं करें। कार्यक्रम स्थल पर प्राथमिक चिकित्सा की आवश्यक व्यवस्था अनिवार्य रूप से करें और हैण्ड सेनेटाइजर, मास्क एवं सामाजिक दूरी आदि का विशेष ध्यान रखें। जिले में स्थित मुख्य सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व की इमारतों में 14 व 15 अगस्त की रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था करें। कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों और जिले के लोकतंत्र सेनानियों को घर जाकर शाल, श्रीफल से सम्मानित करें। भारत सरकार, गृह मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण के संबंध में जारी सभी दिशा-निर्देशों एवं राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों का कडाई से पालन सुनिश्चित करें। परेड की फायनल रिहर्सल 13 अगस्त को प्रातः 9.00 बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड पर होगी, जिसका निरीक्षण कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा किया जावेगा।

## बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच सेवा में समर्पित भारद्वाज

### चौथे दिन भी सेवा का संकल्प जारी



मेहगांव । बिधानसभा क्षेत्र मेहगांव में बाढ़ पीड़ितों की सेवा अशोक भारद्वाज की टीम डायल 100 की तरह कार्य कर रही बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से जहाँ से भी पीड़ित लोगों की खबर आती है अशोक भारद्वाज की टीम वहाँ पर पीड़ितों की मदद करने के लिए पहुच जाती है नर सेवा ही नारायणसेवा है के तहत जब जब क्षेत्र मे कोई संकट की घडी आई हे चाहे कोरोना काल मे लोकडाउन हो या बारिश के कहर से आई बाढ जैसी आपदा, भिण्ड जिले के बरिष्ठ समाज सेवी अशोक भारद्वाज हमेशा ही जनसेवा के कार्य मे अग्रणी होकर पीडित लोगो के साथ कंधे से कधां मिलाकर संकट की घडी मे लोगो का दुख दर्द बाटते नजर आते हैं। आज बाढ़ प्रभावित ग्राम सांधुरी सिन्ध खेरिया वछ रेता पहुँचकर बाढ़ से प्रभावित परिवारों के बीच उनका दुख दर्द जाना और महिलाओं को साड़ियों का वितरण किया। भारद्वाज मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में लगातार चार दिन से बाढ़ प्रभावित ग्रामो में पहुँच कर महिलाओं को साड़ियों का वितरण बच्चों को कपड़े व बेड सीटों का वितरण कर रहे है, बीते दिनों से हो रही लगातार भारी बरसात के चलते सिंध नदी के किनारे बसे गांवों में बाढ पीडित गरीबो के सामने रोजी रोटी कपड़ो का संकट पैदा हो गया था, तत्काल समाज सेवी अशोक भारद्वाज ने बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद करनी चालू कर दी वह चार दिन से लगातार क्षेत्र में गरीब परिबार की महिलाओं को साड़ियों का वितरण कर रहे हैं। इस दौरान मो नगर परिषद के अध्यक्ष मुकेश भारद्वाज, नरेंद्र भारद्वाज, महेश श्रोती, श्याम सुंदर कटारे, पूर्व सरपंच मंगल सिंह बघेल, लालू सिंह चौहान सरपंच, छोटेलाल राठौर, ब्रजनन्दन जादौ, पूर्व सरपंच अहिवरन सिंह, धनसिंह पटेल, बुद्धे चोधरी, राज बहादुर सिंह, सनोज दीक्षित आदि जन मौजूद रहे।

## कलेक्टर एवं एसपी ने बाढ़ प्रभावित ग्रामों द्वार, दाह के पुरा एवं टेहनगुर का किया निरीक्षण



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं एसपी मनोज कुमार सिंह ने बाढ़ प्रभावित ग्राम द्वार, दाह के पुरा एवं टेहनगुर पहुंच बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों से चर्चा कर कुशलता को जाना। साथ ही बाढ़ से हुए नुकसान संबंधी जानकारी ली।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बाढ़ प्रभावित ग्राम द्वार, दाह के पुरा एवं टेहनगुर में बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों से बाढ़ राहत संवंधी जानकरी प्राप्त की। जिस पर ग्रामीण व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि प्रशासन की ओर से 50 किलो ग्राम आटा, 4 किलो आलू एवं 1 किलो नमक प्रभावित परिवार को प्राप्त हो रहा है। बाढ़ प्रभावित ग्रामों में मेडिकल टीम के द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उनको आवश्यक दवाइयां भी दी जा रही है। ग्रामीण व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि ग्रामों में बाढ़ का पानी निकलने पर मलेरिया आदि रोगों से बचाव हेतु फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव नगरीय निकायों के माध्यम से किया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा बताया गया कि शीघ्र ही सर्वे कार्य पूर्ण होगा जिसके अंतर्गत विधि अनुसार बाढ़ राहत सहायता प्रदान की जायेगी।


# गेम ने नाबालिग को बना दिया गुनहगार, पीड़ित से मांगी 8 लाख की मांगी फिरौती




भिण्ड। दुनिया में ऑनलाइन गेमिंग का ट्रेंड बहुत ही तेजी से बढ़ रहा है, कुछ सालों पहले ब्लू-व्हेल नाम के एक चैलेंज गेम ने तो न जाने कितने लोगों की जान ले ली थी। इसके बाद आए पोकेमोन गेम की वजह से कई लोगों को हादसों का शिकार होना पड़ा। बढ़ती हुई ऑनलाइन गेमिंग की वजह से हर रोज हजारों लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार भी हो रहे हैं, जिनमें सबसे ज्यादा ठगी के मामले ऑनलाइन गेम फ्री-फायर के जरिए की जाती है और इसका शिकार होने वाले बच्चे और युवा अपराध की दुनिया में भी कदम रखने को प्रोत्साहित हो रहे हैं। ताजा मामला भिंड जिले से सामने आया है जहां फ्री-फायर गेम की आइडी लेने के लिए एक स्कूली छात्र द्वारा फिरौती की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी तक दे दी गई। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ जब दबोह का रहने वाला एक परिवार थाने पहुंचा और अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई गई। दरअसल दबोह के वार्ड क्रमांक 11 के निवासी रामेश्वर दयाल के घर रविवार को किसी अज्ञात व्यक्ति ने पत्थर में लपेट कर एक कागज फेंका गया जिसमें एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था और साथ ही लिखा गया था कि इस नंबर पर तुरंत कॉल करें नहीं तो अपने परिजनों से किसी को खो देंगे। इस तरह की धमकी मिलने के बाद पीड़ित परिवार के लोगों ने कई बार मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन जब कोई जवाब नहीं आया। पीड़ित परिवार ने बताया कि रात करीब 9 बजे उनके मोबाइल पर भी इसी तरह के धमकी भरे मैसेज आए। बात यहीं नहीं रुकी सोमवार को एक अज्ञात शख्स ने फोन पर पीड़ित परिवार को फिरौती के लिए धमकी दी जिसमें उनसे कहा गया कि 12 बजे तक अगर आठ लाख रुपए उसके खाते में नहीं डाले गए तो 12 बजे तक परिवार के किसी एक शख्स की हत्या कर दी जाएगी। सीधे तौर पर इस तरह की धमकी मिलने के बाद परिवार दहशत में था जिसके बाद रामेश्वर दयाल ने थाने पहुँच कर शिकायती आवेदन देते हुए पुलिस से मदद मांगी। दबोह थाना प्रभारी ने तुरंत मामले की जानकारी सायबर पुलिस को दी और जिस नंबर से कॉल आया था उसकी सारी जानकारी निकालने पर पता चला यह नम्बर अमाहा के सुरेंद्र कुशवाह नामक शख्स का है। तुरंत एक टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार करने भेजा गया लेकिन पुलिस भी उस वक्त भौंचक्की रह गई जब पता चला कि आरोपी कक्षा 12वीं का नाबालिग छात्र है। हालांकि पुलिस उसे गिरफ्तार कर थाने लाई और ससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह अपने एक दोस्त के साथ मिलकर फ्री-फायर गेम की आईडी खरीदना चाहता था जिसके चलते उसने इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज तो कर लिया लेकिन कानूनी बाध्यताओं के चलते आरोपी को कच्ची जमानत देकर छोडना पड़ा।

## पिछड़ा वर्ग कांग्रेस का जनसंवाद कार्यक्रम भिंड में आज

**जिला प्रभारी राजपूत होंगे शामिल**



भिण्ड। मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के अध्यक्ष आदरणीय राजमणि पटेल राज सभा सांसद के निर्देश पर संपूर्ण मध्यप्रदेश में प्रत्येक जिले पर केंद्र व राज्य सरकार की नाकामी के खिलाफ जनता से जनसंवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसी कड़ी में भिण्ड में आज 12 अगस्त 2021 को गोल मार्केट पर आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य रुप से प्रदेश से भेजे गए प्रभारी नवल सिंह राजपूत जिला कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह पूर्व जिला अध्यक्ष श्री राम बघेल एवं पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला और ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस मोर्चा संगठनों के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी कांग्रेस के समस्त कार्यकर्ता युवा साथियों से अनुरोध है ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर भाजपा सरकार की पोल खोलने में मदद करें उक्त कार्यक्रम का आयोजन भिंड शहर के अध्यक्ष अरविंद सोनी द्वारा आयोजित किया गया है।

# ओबीसी आरक्षण के मायने

सरकार ने कुछ हर दिन पहले मेडिकल शिक्षा में ओबीसी वर्ग के लिए केंद्रीय कोटे से आरक्षण की व्यवस्था की थी। अब सरकार इस वर्ग को फायदा देने के लिए नया विधेयक लाई है। इसका नाम है 127वां संविधान संशोधन विधेयक। इसके तहत राज्यों को ओबीसी की सूची बनाने की शक्ति देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 342-ए और 366(26) सी में संशोधन होना है। हाल में ही कैबिनेट ने इस विधेयक को मंजूरी दी थी। अब यह लोकसभा से पारित हो चुका है। राज्यसभा में भी इसके आसानी से पारित होने के आसार हैं क्योंकि सभी विपक्षी दल इस विधेयक पर एक साथ हैं। इस विधेयक के जरिए महाराष्ट्र में मराठा समुदाय से लेकर हरियाणा के जाट समुदाय को ओबीसी में शामिल करने और उन्हें आरक्षण देने का रास्ता साफ हो जाएगा। मगर मुद्दा यह है कि सरकार को संविधान संशोधन की जरूरत क्यों पड़ी? दरअसल, अब तक ओबीसी की अलग-अलग सूचियां केंद्र और राज्य सरकारें तैयार करती रही हैं। अनुच्छेद 15(4), 15(5) और 16(4) ने राज्यों को सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों की पहचान कर उनकी सूची बनाने और उन्हें घोषित करने के लिये स्पष्ट रूप से शक्ति प्रदान की है। हालांकि, यह सूची एक समान नहीं है। अभी राज्यों की ओबीसी सूची में कई ऐसी कई जातियां शामिल हैं, जो केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल नहीं हैं। राज्यों की सूची के आधार पर ही ओबीसी के दायरे में आने वाली जातियों को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिलता रहता। आगे कई जातियां इसके दायरे में लाई जातीं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से ऐसा करने पर रोक लग गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने पांच मई के अपने एक फैसले में राज्यों के ओबीसी सूची तैयार करने पर रोक लगा दी थी। शीर्ष अदालत ने कहा था कि केवल केंद्र सरकार को ही ओबीसी की सूची तैयार करने का अधिकार होगा। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि मराठा आरक्षण से 50 फीसदी सीमा का साफ तौर पर उल्लंघन हो रहा है। दरअसल, मराठा समुदाय को महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने आरक्षण दिया था। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर आपत्ति जताई थी। अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट कर राज्यों को दोबारा यह अधिकार देने के ही लिए ही 127वां संविधान संशोधन विधेयक लाया गया। खतरा यह था कि यदि राज्यों की सूची खत्म कर दी जाती तो तकरीबन 671 ओबीसी समुदायों के लोग शैक्षणिक संस्थानों और नियुक्तियों में आरक्षण से महरुम रह जाते। विधेयक में यह व्यवस्था की गई है कि राज्यों की ओर से बनाई गई ओबीसी श्रेणी की सूची उसी रूप में रहेगी जैसा यह सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले थी। राज्य सूची को पूरी तरह से राष्ट्रपति के दायरे से बाहर कर दिया जाएगा। इस सूची को राज्य विधानसभा अधिसूचित कर सकेगी। 2018 के 102वें संविधान संशोधन अधिनियम में अनुच्छेद 342 के बाद भारतीय संविधान में दो नए अनुच्छेदों 338बी और 342ए को जोड़ा गया। 338बी राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के कर्तव्यों और शक्तियों से संबंधित है। वहीं, 342ए राष्ट्रपति को विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को अधिसूचित करने का अधिकार प्रदान करता है। इन वर्गों को अधिसूचित करने के लिए वह संबंधित राज्य के राज्यपाल से परामर्श कर सकता है। संसद में संविधान के अनुच्छेद 342-ए और 366(26) सी के संशोधन पर अगर मुहर लग जाती है तो इसके बाद राज्यों के पास ओबीसी सूची में अपनी मर्जी से जातियों को अधिसूचित करने का अधिकार होगा। इससे ओबोसी जातियों के आरक्षण का रास्ता साफ होगा।

# भारत के लिए बड़ा ख़तरा बनता तालिबान ?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

दुनिया में लगता है शांति संभव नहीं है। ग्लोबल स्तर पर युद्ध की अशांति फैली हुई है। बुद्ध का रास्ता कहीं नहीं दिख रहा है। शक्तिशाली स्थितियां निर्बल को कमजोर बना रही हैं। दुनिया की सारी शक्तियां कुछ देशों के साथ सिमट कर रह गई हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ जैसी संस्थाएं बेमतलब साबित हो रहे हैं। भारत के पड़ोसी मुल्क अफगानिस्तान

में अशांति फैली है। तालिबान की वजह से लोग शरणार्थी शिविरों में रहने को बाध्य हैं। हजारों की संख्या में रोज पलायन हो रहा है। तालिबान निर्दोष लोगों का कत्लेआम कर रहा है। जिसमें सेना, शिक्षाविद, पत्रकार, साहित्यकार और दूसरे तमाम लोग शामिल है। हजारों निर्दोष जंग में शहीद हो चुके हैं।

अफगानिस्तान जैसा एक संप्रभु मुल्क अशांत है। दुनिया शांत होकर इस युद्ध को देख रहीं है। रहे है। फिलीस्तीन और इजरायल की तरह युद्ध में बेगुनाह और बेजुवान लोग मारे जा रहे हैं। मानवीय अधिकारों का खुला हनन हो रहा है। तालिबान दुनिया के शक्तिशाली देशों को चुनौती दे रहा है। जबकि तालिबानी जिहादियों को भारत का पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान खाद-पानी दे रहा है। अफगानिस्तान में कब शांति लौटेगी अपने आप में यह बड़ा सवाल है। गुटों में विभाजित वैश्विक शक्तियां जानबूझकर इस खेल पर मौन हैं।

अफगानिस्तान में बिगड़ती स्थितियों को लेकर रूस ने इस पर चिंता जाहिर की है। शुभ संकेत मिले हैं कि इस मसले पर अमेरिका, चीन और रूस के साथ पाकिस्तान की एक बैठक कतर में होनी है। जिसमें अफगानिस्तान की स्थिति पर विचार किया जाएगा। हालांकि इस बैठक में भारत को शामिल नहीं किया गया है। क्योंकि रूस की निगाह में तालिबान पर भारत का कोई असर नहीं है। इस बैठक में उन्हीं देशों को शामिल किया गया है जो दक्षिण एशिया के देशों पर अपना-अपना प्रभाव रखते हैं। हालांकि अफगानिस्तान के कई इलाकों पर तालिबानी लड़ाकों द्वारा लगातार कब्जा किया जा रहा है। समझौते में अगर कोई हल निकलता भी जाता है तो इसके बावजूद भी अफगानिस्तान के लिए मुश्किल होगी। क्योंकि तालिबान जितनी जमीन पर अपना कब्जा जमा लेगा उसे वह छोड़ना नहीं चाहेगा। जिसकी वजह से अफगानिस्तान और तालिबान के बीच संबंधों में हमेशा तनाव बना रहेगा।

पाकिस्तान में तालिबान आतंकियों को खुलेआम मिलिट्री ट्रेनिंग दी जा रही है। यह बात चीन, रूस और अमेरिका को अच्छी तरह मालूम है। लेकिन इसके बावजूद भी तीनों महाशक्तियों ने चुप्पी साध रखी है। क्योंकि वह चाहती हैं कि दक्षिण एशिया में अशांति का माहौल बना रहे। पाकिस्तान आतंक की नर्सरी तैयार करता रहे। कश्मीर में पाकिस्तान की सह पर आतंकवाद फलता-फूलता रहे। अफगानिस्तान में तालिबान अपना काम करता रहे। अगर दक्षिण एशिया में शांति रहेगी तो फिर महाशक्तियों को कौन पूछेगा। कैसे अमेरिका, रूस, फ्रांस और चीन का सैन्य कारोबार चलेगा। उनकी पाण्डुब्बीयाँ, युद्धपोत, रडार, युद्धक विमान और आणविक हथियार कौन खरीदेगा। अपनी दादागिरी कायम करने के लिए विश्व की शक्तियाँ शान्ति का कभी समर्थन नहीं करना चाहती हैं।

अफगानिस्तान में तालिबान की जड़ें जितनी मजबूत होगी भारत के लिए उतना खतरा बढ़ेगा। अफगानिस्तान भारत का समर्थक रहा है। भारत अफगानिस्तान में पुनर्निर्माण के लिए कई बिलियन डालर का निवेश किया है। अफगानिस्तान में भारत की सक्रियता तालिबान को नहीं पचती। पाकिस्तान का आका चीन भी भारत के इस सहयोग से जलता है। क्योंकि



पाकिस्तान में उसकी दाल गल जाती है, लेकिन अफगानिस्तान में उसकी एक भी नहीं चलती। अफगानिस्तान अमेरिका और भारत के साथ अच्छे संबंध रखना चाहता है। जिसकी वजह से पाकिस्तान और तालिबानियों को मिर्ची लगती है।

तालिबान हमेशा से भारत का दुश्मन रहा है। वह कट्टर इस्लामिक संस्कृति का समर्थक है। जबकि सभ्य इस्लामिक मुल्क इसकी इजाजत नहीं देते, जिसकी वजह से वह अलग-थलग पड़ जाता है। शांति के प्रतीक भगवान बुद्ध की अनगिनत मूर्तियों को तालिबान ढहा चुका है।

अफगानिस्तान में तालिबान अगर मजबूत हो गया तो चीन पाकिस्तान की मदद से भारत को अस्थिर करने का जाल बुनेगा। क्योंकि दक्षिण एशिया में चीन सिर्फ भारत से डरता है। हाल के दिनों में नेपाल से भी भारत के संबंध अच्छे नहीं रहे हैं। वहां चीन की दखलअंदाजी बढ़ी है। जिसकी वजह से यह भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

दक्षिणी अफगानिस्तान के हेलमंद राज्य के लश्क़र गाह और कंधार के जिलों में तालिबानी और अफगानिस्तान के सैन्यबलों के बीचघमासान मचा है। यहां हजारों की संख्या में लोग फंसे हुए हैं। वैश्विक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार युद्ध की विभीषिका के बीच हर रोज तकरीबन तीस हजार लोग अफगानिस्तान से पलायन कर रहे हैं। अधिकांश लोग शरणार्थी शिविरों में है। जबकि तालिबानियों का दावा है कि उन्होंने देश की कई सीमाओं को सील कर दिया है। तालिबान अस्पतालों के साथ और प्रमुख सरकारी संस्थानों को निशाना बना रहा है। तालिबान की वजह से 10 सालों में तकरीबन पचास लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि तकरीबन 200 जिलों में तालिबान का कब्जा हो गया है।

अफगानिस्तान के लोग तालिबान के आतंक से परेशान होकर दूसरे देशों में जाना शुरू कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, इस साल अब तकतीन लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। वर्तमान हालात में सीमा पार करने वाले अफगानिस्तानियों की संख्या में 30 से 40 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। तालिबान अफगानिस्तान पर कब्जा करने में सफल हो गया तो आने वाले दिनों के लिए यह शुभ संकेत नहीं है।अब वक्त आ गया है जब वैश्विक दुनिया को एक मंच पर आकर अफगानिस्तान में शांति बहाली की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। भारत, अफगानिस्तान में हमेशा शांति का प्रबल समर्थक रहा है। भारत पुरी दुनिया को एक परिवार समझता है। वह खुद और दूसरों के साथ सौहार्द चाहता है। भारत युद्ध में नहीं बुद्ध में विश्वास रखता है।

## जीवन के चार आधार

सुसंस्कारिता के चार आधार हैं- समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी। इन्हें आध्यात्मिक-आंतरिक वरिष्ठता की दृष्टि में उतना ही महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए जितना शरीर के लिए अन्न, जल, वस्त्र और निवास अनिवार्य समझा जाता है। समझदारी का अर्थ है- दूरदर्शी विवेकशीलता अपनाना। आमतौर से लोग तात्कालिक लाभ को सब कुछ मानते हैं और उसे पाने के लिए कोई गलत कदम उठाने में भी संकोच नहीं करते। इससे भविष्य अंधकारमय बन जाता है। अपराधी तत्वों में से अधिसंख्य इसी मनोवृत्ति के होते हैं। दूरदर्शिता, विवेकशीलता उस अनुभवी किसान की गतिविधियों जैसी हैं, जिनके अनुसार खेत जोतने, बीज बोने, खाद पानी देने, रखवाली करने में आरंभिक हानि और कष्ट सहने को शिरोधार्य किया जाता है। दूरदर्शिता बताती है कि इसका प्रतिफल उसे समयानुसार मिलने ही वाला है। एक बीज के दाने के बदले कई गुना दाने मिलने वाले हैं। संयम और सत्कार्य ऐसी ही बुद्धिमत्ता है। पुण्य परमार्थ में भविष्य को उज्ज्वल बनाने वाली संभावनाएं निहित हैं। संयम का प्रतिफल वैभव और पौरुष के रूप में दृष्टिगत होने ही वाला है। दूरबीन के सहारे दूर तक की वस्तुओं को देखा जा सकता है और उस जानकारी के आधार पर अधिक बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। अध्यात्म की भाषा में इसी को तृतीय नेत्र खुलना कहते हैं, जिसके आधार पर विपत्तियों से बचना और उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं का सृजन संभव है। कथनी-करनी को एक सा रखना ईमानदारी है। सहयोग व सद्भाव अर्जित करने के लिए ईमानदारी प्रमुख आधार है। इसे अपने व्यवसाय में अपनाकर अनेक लोगों ने छोटी स्थिति से उठकर बड़ी सफलता पाई है। बड़े उत्तरादायित्वों को उपलब्ध करने और उसका निर्वाह करने में ईमानदार ही सफल होते हैं। सुसंस्कारिता का तीसरा पक्ष है- जिम्मेदारी। गैर जिम्मेदार उत्तरदायित्वों से निर्लज्जतापूर्वक इंकार कर सकते हैं,पर जिम्मेदार लोगों को अपने उत्तरदायित्वों का नियमबद्ध होकर समय पर निर्वाह करना पड़ता है। जो स्वास्थ्य सुरक्षित रखने की, जीवन संपदा का श्रेष्ठतम सदुपयोग करने की, लोक परलोक उत्कृष्ट बनाने की जिम्मेदारी निभाते हैं, वे ही संतोष, यश आरोग्य का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# (12 अगस्त 2021) अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। किसी भी देश का युवा उस देश के विकास का सशक्त आधार होता है, लेकिन जब यही युवा अपने सामाजिक और राजनैतिक जिम्मेदारियों को भूलकर विलासिता के कार्यों में अपना समय नष्ट करता है, तब देश बर्बादी की ओर अग्रसर होने लगता है। पहली बार सन 2000 में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया था। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का मतलब है कि सरकार युवाओं के मुद्दों और उनकी बातों पर ध्यान आकर्षित करे। संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्णयानुसार सन 1985 ई. को अंतरराष्ट्रीय युवा वर्ष घोषित किया गया। युवाओं का प्रवासन आज विश्वभर में अधिकतर युवा बिलासिता और सुख-सुविधा को देखते हुए अपनी देश की जमीन को छोड़कर दूसरी जगह जा रहे हैं, जिससे राष्ट्र निर्माण में दिक्कतें आ रही हैं। युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं और विशेषकर भारत जैसे महान् राष्ट्र की ऊर्जा तो युवाओं में ही निहित है। ऐसे में अगर युवाओं का भारी संख्या में प्रवासन होता है तो इससे न केवल उस राष्ट्र की अक्षमता प्रदर्शित होती है, जो अपने नौजवानों को प्रयाप्त साधन नहीं दे सकता बल्कि इससे देश की विकास का सशक्त आधार भी समाप्त हो जाता है.

मानव विकास गति अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस वर्तमान सदी में युवा वर्ग मानव सभ्यता के ऐसे मुकाम पर खड़ा है, जब ÷मानव विकास गति÷ का रथ जेट विमान की गति से भाग रहा है। यह तीव्र विकास गति जहाँ अनेकों उपलब्धियां-सुविधाएँ और चमत्कार लेकर आ रही है, वहीं युवा वर्ग के लिए तीव्र गति से भागने की क्षमता पा लेने की चुनौती भी। क्योंकि यदि युवा वर्ग इतना क्षमतावान है की वह तेज़ीसे हो रहे परिवर्तन को समझ सके, उसे अपना सके, नयी खोजों, नयी तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर अपनी कार्यशैली परिवर्तित कर सके, तो ही वह अपने जीवन को सम्मानजनक एवं सुविधा संपन्न बना सकता है, और विश्व स्तर पर अपने अस्तित्व को बनाये रख सकता है। प्रतिस्पर्द्धा



की कड़ी चुनौतियों को स्वीकार करना ही सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। आज के युवा वर्ग को विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्द्धा में शामिल होना आवश्यक हो गया है।

भारत %युवाओं का देश% पूरे विश्व में भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। अपने देश में 35 वर्ष की आयु तक के 65 करोड़ युवा हैं। अर्थात् हमारे देश में अथाह श्रमशक्ति उपलब्ध है। आवश्यकता है आज हमारे देश की युवा शक्ति को उचित मार्ग दर्शन देकर उन्हें देश की उन्नति में भागीदार बनाने की, उनमे अच्छे संस्कार, उचित शिक्षा एवं प्रोद्योगिक विशेषज्ञ बनाने की, उन्हें बुरी आदतों जैसे- नशा, जुआ, हिंसा इत्यादि से बचाने की। क्योंकि चरित्र निर्माण ही देश की, समाज की, उन्नति के लिए परम आवश्यक है। दुश्चरित्र युवा न तो अपना भला कर सकता है, न समाज का और न ही अपने देश का। देश के निर्माण के लिए, देश की उन्नति के लिए, देश को विश्व के विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में खड़ा करने के लिए युवा वर्ग को ही मेधावी, श्रमशील, देश भक्त और समाज सेवा की भावना से ओत प्रोत होना होगा। आज के युवा वर्ग को अपने विद्यार्थी जीवन में अध्ययनशील, संयमी, चरित्र निर्माण के लिए आत्मानुशासन लाकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के प्रयास करने चाहिप्रयास करने चाहिए। जिसके लिए समय का सदुपयोग आवश्यक है। विद्यालय को मस्ती की पाठशाला समझ कर समय गंवाने वाले युवा स्वयं अपने साथ अन्याय करते हैं, जिसकी भारी कीमत जीवन भर चुकानी पड़ती है। बिना शिक्षा के कोई भी युवा अपने जीवन को सुचारू रूप से चलाने में अक्षम रहता है। चाहे उसके पास अपने पूर्वजों का बना बनाया, स्थापित कारोबार ही क्यों न हो। या वह किसी राजनयिक या प्रशासनिक अधिकारी की संतान ही क्यों न हो। इसी प्रकार बिना शिक्षा के जीवन में कोई भी कार्य, व्यापार, व्यवसाय उन्नति नहीं कर सकता। यदि कोई युवा अपने विद्यार्थी जीवन के समय का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है तो मनोरंजन, मस्ती और ऐश के लिए पूरे जीवन में भरपूर अवसर मिलते हैं।

# भारत के महान वैज्ञानिक विक्रम साराभाई जैन को नमन।

## सूडोकु नवताल- 5800

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5799 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

**विजय कुमार जैन**

भारत माता के महान सपूत जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया में देश का नाम ऊंचा किया ऐसे विक्रम अंबालाल साराभाई जैन का 12 अगस्त 1912 को जन्म हुआ था जन्म दिवस के अवसर पर हम उन्हें स्मरण कर रहे हैं। डॉ विक्रम साराभाई के नाम को अंतरिक्ष कार्यक्रम से अलग नहीं किया जा सकता यह बात दुनिया को पता है की वह विक्रम साराभाई ही थे, जिन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाया।आपका जन्म अहमदाबाद में श्री अंबालाल साराभाई के प्रतिष्ठित जैन परिवार में हुआ था।आपकी माता जी श्रीमती सरला साराभाई थी। आपकी माता सरला साराभाई ने प्रारंभिक शिक्षा मैडम मारिया मांटेसरी की तरह शुरू हुए पारिवारिक स्कूल में दिलाई।गुजरात कॉलेज में इंटरमीडिएट तक विज्ञान की शिक्षा पूरी करने के बाद वे सन 1937 में कैंब्रिज इंग्लैंड चले गए, जहां 1940 में प्रणमाकृतिक विज्ञान में ट्रायपोज डिग्री प्राप्त की। द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने पर वे भारत लौट आए और बेंगलूरू स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान में नौकरी करने लगे।जहां पर वह सी. वी. रमन के निरीक्षण में कॉस्मिक रेंज पर अनुसंधान करने लगे। द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति पर वे कॉस्मिक रेज भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में अपनी डॉक्ट्रेट पूरी करने के लिए कैंब्रिज लौट गए। सन् 1947 में उष्णकटिबंधीय अक्षांश ट्रॉपीकल लैटीट्यूड्स मैं कैंब्रिज विश्वविद्यालय ने उन्हें डॉक्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित



किया गया। डाँ विक्रम साराभाई को भारत के महान संस्थान निर्माता माना जाता है। उनके द्वारा स्थापित लोकप्रिय संस्थानों में प्रमुख हैं भौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला पीआरएल अहमदाबाद, भारतीय प्रबंध संस्थान आई आई एम अहमदाबाद, सामुदायिक विज्ञान केंद्र अहमदाबाद,दर्पण अकादमी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स अहमदाबाद, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र तिरुअनंतपुरम, डॉ विक्रम साराभाई सांस्कृतिक गतिविधियों में भी गहरी रूचि रखते थे। वे संगीत, फोटोग्राफी, पुरातत्व, ललित कलाओं और अन्य अनेक क्षेत्रों से जुड़े रहे। डॉक्टर साराभाई के व्यक्तित्व का सर्वाधिक उल्लेखनीय पहलू उनकी रुचि की सीमा और विस्तार तथा ऐसे तरीके थे, जिन्होंने अपने विचारों को संस्था में परिवर्तित किया।सृजनशील वैज्ञानिक, सफल और दूरदर्शी उद्योगपति, उच्च कोटि के प्रवर्तक, महान संस्थाओं के निर्माता, अलग किस्म के शिक्षाविद, कला पारखी, सामाजिक परिवर्तन के ठेकेदार, अग्रणी प्रबंध प्रशिक्षक आदि ऐसी अनेक विशेषताएं उनके व्यक्तित्व में समाहित थी। उनकी सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह थी कि वे एक ऐसे उच्च कोटि के इंसान थे जिसके मन में दूसरों के प्रति असाधारण सहानुभूति थी, जो भी उनके संपर्क में आता उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रहता था। धर्मपत्नी श्रीमती मृणालिनी साराभाई के साथ मिलकर उन्होंने मंच कलाओं की सांस्कृतिक संस्था दर्पण का गठन किया। उनकी बेटी मल्लिका साराभाई बड़ी होकर भरतनाट्यम् और कुचिपुड़ी की प्रसिद्ध नृत्यांगना बनी। डॉक्टर होमी जे भाभा की जनवरी 1966 में मृत्यु के बाद डॉक्टर साराभाई को परमाणु ऊर्जा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया। साराभाई ने सामाजिक और आर्थिक विकास की विभिन्न गतिविधियों के लिए अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में छुपी हुई व्यापक क्षमताओं को पहचान लिया था। इन गतिविधियों में संचार, मौसम विज्ञान संबंधी भविष्यवाणी और प्राकृतिक संसाधनों के लिए अन्वेषण आदि सम्मिलित हैं।भारत के महान वैज्ञानिक बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉक्टर विक्रम साराभाई का 30 दिसंबर 1971 को कोवलम, तिरुअनंतपुरम केरल में आसामयिक स्वर्गवास हो गया।इस महान वैज्ञानिक के सम्मान में तिरुअनंतपुर में स्थापित थुंबा एक्वेटोरियल रॉकेट लॉन्चिंग स्टेशन टी आर एल एस और संबंधी अंतरिक्ष संस्थाओं का नाम बदलकर विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र कर दिया गया।

# अपराधी नेताओं पर लगाम

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

हमारे सर्वोच्च न्यायालय ने वह काम कर दिखाया है, जो हमारी संसद और विधानसभाओं को कभी से कर देना चाहिए था। उसने आदेश जारी कर दिया है कि चुनावी उम्मीदवारों के नाम तय होने के 48 घंटे में ही पार्टियों को यह भी बताना होगा कि उन उम्मीदवारों के खिलाफ कौन-कौन से मुकदमे चल रहे हैं और उसके पहले वे कौन-कौन से अपराधों में संलग्न रहे हैं। सभी पार्टियां अपने वेबसाइट पर उनका ब्यौरा डालें और उसका शीर्षक रहे, ''आपराधिक छविवाले उम्मीदवार का ब्यौरा''। चुनाव आयोग ऐसा एक मोबाइल एप तैयार करे, जिसमें सभी उम्मीदवारों का विस्तृत विवरण उपलब्ध हो। आयोग आपराधिक उम्मीदवारों के बारे में जागरुकता अभियान भी चलाए। पार्टियां पोस्टर छपवाएं, अखबारों में खबर और विज्ञापन दें। पार्टियां अपनी चालबाजी छोड़ें। छोटे-मोटे अखबारों में विज्ञापन देकर खानापूरी न करें। वे बड़े अखबारों और टीवी चैनलों पर भी आपराधिक उम्मीदवारों का परिचय करवाएं। इन सब बातों पर निगरानी रखने के लिए चुनाव आयोग एक अलग विभाग बनाए। अब देखना यह है कि सर्वोच्च न्यायालय के इन आदेशों का पालन कहां तक होता है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि किसी भी नेता के विरुद्ध चल रहे आपराधिक मामलों को कोई भी राज्य सरकार तब तक वापस नहीं ले सकती, जब तक कि उस राज्य का उच्च न्यायालय अपनी अनुमति न दे दे। अभी क्या होता है? अभी तो सरकारें अपनी पार्टी के विधायकों और सांसदों के खिलाफ जो भी मामले अदालतों में चल रहे होते हैं, उन्हें वे वापस ले लेती हैं। ऐसे मामले पूरे देश में हजारों की संख्या में हैं। इसीलिए नेता लोग बेखौफ होकर अपराध करते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने इस फैसले से नेताओं, पार्टियों ओर सरकार के कान कस दिए हैं। बिहार के चुनाव में कांग्रेस, भाजपा और राजद के लगभग 70 प्रतिशत उम्मीदवारों के विरुद्ध आपराधिक मुकदमे चल रहे थे। इन पार्टियों ने अपने आपराधिक उम्मीदवारों का विवरण प्रकाशित ही नहीं किया। इसीलिए अदालत ने कुछ पार्टियों पर एक लाख और कुछ पर पांच लाख रु. का जुर्माना ठोक दिया है। सभी प्रमुख पार्टियां दोषी पाई गई हैं। हमारे लोकतंत्र के लिए यह कितने शर्म की बात है कि हमारे ज्यादातर सांसद और विधायक अपराधों में संलग्न पाए जाते हैं। यह तो सभी पार्टियों का प्रथम दायित्व है कि वे अपराधी पृष्ठभूमि के लोगों को अपना चुनाव उम्मीदवार बनाना तो दूर, उन्हें पार्टी का सदस्य भी न बनने दें।

# 'बिग बॉस' में ग्लैमर का तड़का लगाने आ रही हैं नेहा मलिक



'बिग बॉस ओटीटी' 8 अगस्त से शुरू हो रहा है। टीवी से पहले इस बार 6 हफ्ते तक यह रियलिटी शो 'वूट ऐप' पर धमाल मचाने वाला है। शो के कंटेस्टेंट्स को लेकर भी जानकारी सामने आ गई है। 'बिग बॉस' में इस बार ग्लैमर का तड़का लगाने आ रही हैं नेहा मलिक। नेहा पेशे से मॉडल, ऐक्ट्रेस और ब्लॉगर हैं। उनकी पॉप्युलैरिटी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि शो शुरू होने से पहले ही उनके इंस्टाग्राम पर 2.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं। नेहा मलिक सोशल मीडिया पर अपने ग्लैमरस अवतार के लिए खासी पसंद की जाती हैं। वैसे तो नेहा का अपना जुदा अंदाज है, लेकिन उनमें शहनाज गिल जैसी शोखी और हिमांशी खुराना जैसा अंदाज झलकता है। आइए जानते हैं, नेहा मलिक के बारे में हर वह जरूरी बात जो आपके के लिए जरूरी है।

- साल 2012 में नेहा ने मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा और अपनी ग्लैमरस अदाओं से हर किसी को दीवाना बना दिया।
- नेहा कई फैशन शोज का हिस्सा रह चुकी हैं। वह कई पंजाबी म्यूजिक वीडियोज में भी नजर आ चुकी हैं। साल 2013 में नेहा दुबई फैशन वीक के टॉप-10 मॉडल्स में एक रह चुकी हैं। साल 2015 में उन्होंने गोवा में आयोजित ब्राइडल फैशन वीक में भी हिस्सा लिया था। इसके अलावा वह 2016 में बैंकॉक बीच फैशन वीक में भी हिस्सा ले चुकी हैं।
- नेहा पंजाबी गानों की दुनिया में जाना-माना चेहरा है। साल 2016 में वह रामजी गुलाटी के पंजाबी गाने 'धूप में ना चल' में नजर आई, इसके बाद 2018 में रिलीज मनिंदर भुट्टर के गाने 'सखियां' ने नेहा मलिक को खूब पॉप्युलैरिटी दिलाई।
- नेहा अपनी बिकिनी फोटोज के लिए खूब पसंद की जाती हैं। वह अपना खुद का एक यूट्यूब चैनल भी चलाती हैं। वह बेबाक हैं, ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि 'बिग बॉस' के घर में उनकी बेबाकी किस-किस पर भारी पड़ने वाली है।
- नेहा ने 2012 में हिंदी फिल्म 'भंवरी का जाल' में भी काम किया है। फिलहाल वह अपनी ऐक्टिंग करियर को आगे बढ़ाना चाहती हैं। जाहिर है ऐसे में 'बिग बॉस 15' उनके लिए बड़ा प्लेटफॉर्म साबित हो सकता है।
- साल 2013 में नेहा को 'यूटीवी बिंदास' चैनल के शो 'फीयरलेस' का ऑफर मिला। वह अब तक 'मुसाफिर', 'गांधी फेर आ गया' और 'आई प्रॉमिस' जैसी तीन फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।
- नेहा के करियर की सबसे दिलचस्प बात यह है कि म्यूजिक वीडियो की दुनिया में उनकी एंट्री सोनू निगम और मीका सिंह के साथ 'इश्क कर ले।

## ईशान खट्टर और मृणाल ठाकुर की फिल्म पिप्पा की शूटिंग सितंबर में होगी शुरू

ईशान खट्टर और मृणाल ठाकुर दोनों ही बॉलीवुड के उभरते हुए कलाकार हैं। ईशान और मृणाल काफी समय से अपनी वॉर ड्रामा फिल्म पिप्पा को लेकर चर्चा में हैं। अब फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो इस फिल्म की शूटिंग सितंबर में शुरू हो सकती है। मेकर्स इस फिल्म की शूटिंग इस साल मार्च में शुरू करने वाले थे, लेकिन कोरोना महामारी के कारण यह संभव नहीं हो पाया था। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईशान और मृणाल की पिप्पा की शूटिंग सितंबर में शुरू होगी। एक सूत्र ने कहा, 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म के लिए कई स्तर पर तैयारी करने की आवश्यकता होगी। फिल्म के कलाकारों के रीडिंग सेशन अगस्त के मध्य से शुरू होंगे। कलाकारों को फिल्म की कहानी से परिचित होना जरूरी है। कैमरे पर युद्ध के दृश्यों को फिल्माने के लिए फिजिकल ट्रेनिंग की जरूरत होगी। इस फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में शुरू होगी। अपने किरदार में खुद को ढालने के लिए फिल्म के कलाकार अगस्त के पहले सप्ताह से फिजिकल ट्रेनिंग में जुट जाएंगे। एक वॉर ड्रामा फिल्म होने के नाते इसमें भरपूर एक्शन सीन देखने को मिलेगा। पिछले साल अगस्त में राजा कृष्ण मेनन की निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म की घोषणा की गई थी। इस फिल्म में प्रियांशु पेनयुली को भी अहम भूमिका में देखा जाएगा। फिल्म को कोलकाता और पश्चिम बंगाल के विभिन्न लोकेशंस में शूट किया जाना है। खबरों की मानें तो फिल्म का ज्यादातर प्री-प्रोडक्शन का काम समाप्त हो चुका है। रॉनी स्क्रूवाला और सिद्धार्थ रॉय कपूर इस फिल्म को निर्मित करेंगे। रविंदर रंधावा, तन्मय मोहन और मेनन ने फिल्म की पटकथा लिखी है। पिप्पा के लिए मशहूर म्यूजिक कंपोजर एआर रहमान संगीत देंगे। रहमान ने कहा था कि पिप्पा की कहानी मानवीय भावना से जुड़ी हुई है। फिल्म पिप्पा में युद्ध पर आधारित कहानी को फिल्माया जाएगा। यह फिल्म ब्रिगेडियर बलराम सिंह मेहता की पुस्तक द बर्निंग चैफिस पर आधारित है।





# 'बड़े अच्छे लगते हैं 2' में हुई दिशा परमार की एंट्री



टीवी की दुनिया के सबसे पॉप्युलर शोज में शुमार 'बड़े अच्छे लगते हैं' के दूसरे सीजन में दिशा परमार की एंट्री हुई है। पहले ऐसी चर्चाएं थीं कि दिव्यांका त्रिपाठी शो का हिस्सा बनने वाली हैं। लेकिन दिव्यांका ने इंस्टाग्राम लाइव सेशन में साफ कर दिया है कि वह शो का हिस्सा नहीं बनने जा रही हैं। खास बात यह है कि 'बड़े अच्छे लगते हैं 2' में दिशा परमार 8 साल बाद अपने को-स्टार रह चुके नकुल मेहता के साथ फिर से नजर आएंगी। शो में दिशा और नकुल लीड रोल में रोमांस करते नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स ने पहले दिव्यांका त्रिपाठी को अप्रोच किया था। लेकिन ऐक्ट्रेस ने रोल करने से इनकार कर दिया। ऐसे में अब दिशा परमार को इस रोल के लिए कंफर्म किया गया है। दिशा शो के लिए फ्रेश फेस होंगी। जबकि नकुल मेहता सीजन-2 के लिए पहले से फाइनलाइज किए जा चुके हैं। दिशा परमार ने हाल ही 'बिग बॉस 14' फेम सिंगर राहुल वैद्य से शादी की है। दिलचस्प बात यह है कि दिशा परमार और नुकल मेहता 8 साल पहले 'प्यार का दर्द है मीठा मीठा प्यारा प्यारा' में भी साथ काम कर चुके हैं। दोनों की जोड़ी को तब भी खूब पसंद किया गया था। यह शो 2014 में खत्म हुआ। शो में नकुल ने 'आदित्य' का किरदार निभाया था, जबकि दिशा 'पंखुड़ी' के रोल में थीं। 'बड़े अच्छे लगते हैं' के पहले सीजन में राम कपूर और साक्षी तंवर लीड रोल में थे। इस शो ने जबरदस्त सफलता पाई थी। जबकि शो में दोनों के किसिंग सीन पर भी खूब हंगामा हुआ था। दिव्यांका ने कहा, 'इंडस्ट्री में इतने साल तक काम करने के बाद हम ऐक्टर्स को इतनी छूट तो मिलनी ही चाहिए कि वह अपनी मर्जी से प्रोजेक्ट चुन सके।' दिव्यांका ने कहा कि वह इस प्रोजेक्ट से खुद को रिलेट नहीं कर पा रही हैं और उन्होंने यह बात प्रोडक्शन हाउस को बताते हुए शो करने से इनकार किया है। इससे पहले रिपोर्ट्स में यह कहा गया था कि दिव्यांका उम्र में नकुल मेहता से काफी बड़ी हैं और शायद इसलिए उन्होंने शो करने से इनकार किया है।

# आपकी इन 4 गलतियों की वजह से समय से पहले सफेद हो जाते हैं बाल !

खूबसूरत दिखाने में जितना बड़ा रोल मेकअप का होता है, उतना ही बालों का भी होता है. अगर बाल अच्छे हों और अच्छा हेयरस्टाइल बनाया गया हो, तो पूरा लुक बदल जाता है. लेकिन अक्सर हम बालों की देखभाल के मामले में लापरवाही बरतते हैं, जिसकी वजह से हमारे बाल रूखे और बेजान होने के साथ असमय सफेद होने लगते हैं.

एक बार सफेद बालों का सिलसिला अगर शुरू हो जाए, तो उसे कंट्रोल कर पाना इतना आसान नहीं होता. इसलिए यहां जानिए उन गलतियों के बारे में जो असमय सफेद बालों की वजह बनती हैं. इन गलतियों को सुधार कर आप अपने बालों का सफेद होना रोक सकते हैं और बालों को हेल्दी बना सकते हैं.

### तेल न लगाना

बचपन से ही हम सब अपनी मां से रोजाना बालों में तेल डालने की बात सुनते आ रहे हैं, लेकिन फिर भी इस मामले में लापरवाही बरतते हैं, क्योंकि हम इसकी अहमियत को नहीं समझते. दरअसल तेल डालने से बालों को पोषण मिलता है और सिर में रक्त संचार बेहतर होता है. इसके अलावा तेल मालिश सीबम प्रोडक्शन को नियंत्रित होता है, बालों को मॉइश्चर मिलता है. इससे बालों का असमय सफेद होना तो कम होता ही है, साथ ही बालों का रूखापन और खुजली जैसी समस्याएं भी दूर होती हैं.



### केमिकल्स का इस्तेमाल

बालों को सुंदर और स्टाइलिश दिखाने के लिए आजकल कई तरह के एक्सपेरिमेंट्स होने लगे हैं. लोग कर्ल बालों को केमिकल्स के जरिए स्ट्रेट कराते हैं और स्ट्रेट बालों को कर्ल कराते हैं. इसके अलावा बालों में कलर करने का फैशन है. ऐसे में बालों में कम उम्र में ही हैवी केमिकल्स का प्रयोग होने से बालों को जबरदस्त नुकसान पहुंचता है. इससे बाल झड़ने लगते हैं, बेजान हो जाते हैं और जल्दी सफेद होने लगते हैं. इसलिए जितना संभव हो बालों को नेचुरल रखें और हीटिंग टूल्स से से भी परहेज करें.

### तनाव

तनाव को भी असमय बाल सफेद होने की प्रमुख वजह माना जाता है. इसलिए ज्यादा तनाव लेने से बचना चाहिए. तनाव की वजह से हमें अन्य स्वास्थ्य संबन्धी समस्याएं भी झेलनी पड़ सकती हैं. तनाव से बचने के लिए मेडिटेशन का सहारा लें.

### अच्छी डाइट न लेना

बाहर का जंकफूड और गरिष्ठ भोजन खाने की आदत सिर्फ तमाम बीमारियों का शिकार नहीं बनाती है, बल्कि बालों की सेहत को भी खराब करती है और बाल समय से पहले ही सफेद होने लगते हैं।

# रनिंग शूज खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान, सही होगा चयन



अगर रोजाना कुछ मिनट रनिंग की जाए तो इससे शरीर को स्वस्थ और फिट रखने में काफी मदद मिलती है। दौड़ के लिए रनिंग शूज सबसे ज्यादा जरूरी होते हैं क्योंकि अगर ये सही होंगे तभी आप रोजाना आसानी से और अच्छे से दौड़ सकेंगे। अपने लिए रनिंग शूज खरीदते वक्त आपको कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए। आइए आज ऐसी ही कुछ बातों के बारे में जानते हैं।

### अपनी जरूरत को समझें

रनिंग शूज खरीदने से पहले अपनी जरूरत को समझने से हमारा मतलब यह है कि आप अपने दौड़ने की जगह और समय को ध्यान में रखें। उदाहरण के लिए, अगर आप खाली मैदान में दौड़ते हैं तो जूते उसी हिसाब से होने चाहिए, लेकिन बात ट्रेडमिल पर दौड़ने की है तो इसके लिए मार्केट में अलग रनिंग शूज उपलब्ध हैं। इसी तरह अगर आप ज्यादा दौड़ने के लिए जूते खरीद रहे हैं तो अपने कंफर्ट को ध्यान में रखें।

### जूतों की सोल का रखें ध्यान

रनिंग शूज खरीदते समय उनकी सोल का ध्यान रखना भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अगर आपके जूतों के अंदर की सोल मुलायम नहीं होगी तो उन्हें पहनकर दौड़ने से आपके पैरों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसी के साथ गलत सोल के रनिंग शूज को पहनने से पीठ भी प्रभावित होने लगती है। इसलिए दौड़ के लिए मुलायम सोल वाले जूते ही खरीदें ताकि आप बिना किसी दिक्कत के अपनी रोजाना की दौड़ को पूरा कर सकें।

### वजन पर भी दें ध्यान

दौड़ के लिए जूते खरीदते समय वजन को ध्यान में रखना भी मायने रखता है, फिर चाहे वह आपका वजन हो या जूतों का। सबसे अधिक ध्यान देने वाली बात यह है कि हल्के वजन वाले जूते हमेशा बेहतर होते हैं क्योंकि ये दौड़ने से लेकर सैर करने तक के लिए लाभदायक होते हैं। इसके अलावा आप जितना तेज दौड़ते हैं, उतने ही हल्के वजन के जूते खरीदें।

### जरूर लें एक टेस्ट रन

रनिंग शूज खरीदने से पहले आपको अपने चयन किए हुए जूतों को पहनकर एक टेस्ट रन जरूर लेना चाहिए। अगर आपको यह लग रहा है कि ऐसा कैसे संभव हो सकता है और दुकानदार ऐसा कुछ नहीं करने देगा तो यकीन मानिए यह संभव है और हर अच्छा ब्रांड ये सुविधा देता है।

आप जूतों को पहनकर शोरूम के

## जिद्दी दिल माने ना का हिस्सा बनने को लेकर उत्साहित हैं गुलफाम खान

लाडो 2, नामकरण और मधुबाला- एक इश्क एक जुनून जैसे लोकप्रिय शो में काम कर चुकीं अभिनेत्री गुलफाम खान अपने आगामी शो जिद्दी दिल माने ना का हिस्सा बनकर रोमांचित हैं। अपनी उत्तेजना के पीछे का कारण साझा करते हुए, वह कहती हैं , मैं लंबे समय तक कभी भी ऑफ-स्क्रीन नहीं रही, लेकिन महामारी की स्थिति को देखते हुए मैं जानबूझकर कोई शो नहीं ले रही थी और साथ ही जो भूमिकाएं दी जा रही थीं, वे कुछ ऐसी नहीं थीं जो मैंने पहले नहीं की थीं। इसलिए, जब जिद्दी दिल माने ना मेरे पास आया, तो इसने मेरी एड्रेनालीन पंपिंग कर दी। मैं इस युवा शो पर वापस आने के लिए बहुत उत्साहित हूं। वह अपने आखिरी शो निक्की और जादूई बबल के मई में सिर्फ तीन हफ्तों में बंद होने के बाद पर्दे पर वापस लौट रही हैं। गुलफाम ने अपने टेलीविजन करियर की शुरूआत एक शो लिपस्टिक से की और जब से वह कई शो, फिल्मों और विज्ञापनों का हिस्सा बनीं। पूरी तरह से नेगेटिव किरदार निभाने से लेकर पॉज़िटिव और कॉमिक किरदारों तक उन्होंने कई तरह के रोल किए हैं। वह अपनी अब तक की यात्रा से खुश और संतुष्ट महसूस करती है और साझा करती है कि, मैंने कभी भी खुद को टाइपकास्ट होते हुए नहीं देखा। ऐसा बहुत कम होता है कि एक अभिनेता एक ही समय में एक हास्य और एक निगेटिव चरित्र निभाता है। मैंने ची एंड मी में एक हास्य और बेटियां में एक साथ निगेटिव भूमिका निभाई है। यह एक चुनौती थी, फिर भी सुखद है। टेलीविजन उद्योग एक बहुत बड़ी लेकिन एक करीबी इकाई है और इसी पर आपकी सद्भावना बनी है।






## वन-टू-वन



### मारपीट में तेज धार दार हतियार से किया युवक को घायल, मामला पहुँचा हजीरा थाना में

**विवेक चौहान रिपोर्टर, पुष्पांजली ग्वालियर**



ग्वालियर-दो पक्षो की मारपीट का मामला इतना तेजी से गर्म हो गया कि एक युवक को तेज धारदार हथियार से घायल कर दिया आपको बता दें कि घटना थाना हजीरा के अंतर्गत की है जहां बिरला नगर स्थित आरा मिल में एक युवक को कुछ लोगों ने मिलकर तेज धारदार हथियार से वार कर दिया जिसमें युवक को काफी गंभीर चोट आई और उसका इलाज हजीरा स्थित सरकारी हॉस्पिटल में कराया गया आपको बता दें घटना हजीरा थाना की है जहां पर विकास चौहान निवासी आरामिल को भजनलाल अहिरवार, पंकज अहिरवार, जीतू अहिरवार, प्रमोद अहिरवार, अंकित आर्य, आकाश वर्मा, देव पनुहिया ने मिलकर आकाश चौहान को मिलकर मपलरपीट कर दी और तेजधार दार हतियार से घायल भी कर दिया मामला हाल में हजीरा थाना पहुँच गया जिसमें थाना हजीरा प्रभारी आलोक परिहार ने बताया है कि मामले की जांच कर सम्बंधित पर कार्यवाही की जाएगी।

### विश्व में घटे हमारे यहां बढ़े, देश में हैं अब 674 शेर

नई दिल्ली । देश में एशियाई शेर की संख्या करीब 674 हो गई है। वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने विश्व शेर दिवस पर यह जानकारी दी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद व पीएम नरेंद्र मोदी ने भी शेरों के संरक्षण के लिए काम कर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान को सराहा। 5 दशकों के प्रयासों की वजह से शेरों की संख्या 180 से चार गुना बढ़ी है। हालांकि, 674 की संख्या जीव प्रजाति के अस्तित्व को खतरे में बताती हैं, पर अच्छी बात यही है कि संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। वह भी ऐसे समय में जब अफ्रीका महाद्वीप में संख्या 1950 में 1 लाख से घटते हुए आज 20 हजार पर आ चुकी है। विश्व शेर दिवस इस शानदार जीव के बारे में जागरूकता बढ़ाने और संरक्षण के प्रयासों को बल देने के लिए मनाया जाता है। राष्ट्रपति कोविंद ने गुजरात के गिर वन में अपने भ्रमण को याद करते हुए कामना की कि शेरों की दहाड़ जंगलों में गूंजती रहे। पर्यावरण मंत्री यादव ने उम्मीद जताई कि भारत में शेर इसी प्रकार अपने खोए हुए जंगलों में वापस राज कायम करते रहेंगे। नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एशियाई शेरों का घर होने पर गर्व करता है। देश में शेरों की आबादी बढ़ रही है, यह जानकर लोगों को खुशी होगी। जब मैं गुजरात का सीएम था, तब क्षेत्रीय समुदायों को शेरों के संरक्षण से जोड़ा गया। अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी अपनाए गए। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिला।

### स्कूलों में सामाजिक दूरी, मास्क, हाथ साफ करना और टीकाकरण हो जरूरी:डब्ल्युएचओ

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में स्कूल दोबारा खुलने लगे हैं। इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्युएचओ) की चीफ साइंटिस्ट सौम्या स्वामीनाथन ने बच्चों पर पड़ने वाले प्रभावों से बचाव के लिए गाइडलाइन साझा की है। सौम्या स्वामीनाथन ने ट्विटर पर लिखा, स्कूलों को खोलने के दौरान सामाजिक दूरी, मास्क पहनना, हाथ साफ करना और सभी बड़ों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने इनडोर सिंगिग और सभा के आयोजन से बचने की सलाह भी दी। स्वामीनाथन ने कुछ दिनों पहले कहा था कि शिक्षकों का टीकाकरण बच्चों के बचाव का सबसे बेहतर रास्ता है, जब तक कि बच्चों के लिए वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा बालिगों, खासतौर पर शिक्षकों का टीकाकरण होना चाहिए और स्कूल तभी खोले जाएं जब सामुदायिक संक्रमण का खतरा बेहद कम हो। सौम्या स्वामीनाथन ने कहा, मुझे उम्मीद है कि हमारे पास बच्चों के लिए कोरोना की वैक्सीन होगी, लेकिन यह इस साल नहीं होने जा रहा है। हमें स्कूल तभी खोलने चाहिए जब सामुदायिक संक्रमण का खतरा बेहद कम हो। दुनिया के बाकी देशों में भी ऐसा ही हो रहा है। सभी गाइडलाइंस का पालन कर रहे हैं। अगर शिक्षकों का टीकाकरण किया जाता है तो यह एक बड़ा कदम होगा। सौम्या स्वामीनाथन ने स्कूलों को लेकर गाइडलाइन की बात तब कही है, जब केंद्र सरकार ने संसद में आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्कूल खोले जाने या स्थानीय सरकार द्वारा स्कूलों को खोलने की योजना पर विचार के बारे में जानकारी दी है। लोकसभा में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लिखित जवाब में कहा, लक्षद्वीप, पुडुचेरी, नागालैंड, पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश ने 2 अगस्त से स्कूलों को दोबारा खोला है। वहीं 16 अगस्त से आंध्र प्रदेश में स्कूल खोले जाने की योजना है। जानकारी के मुताबिक केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप और पुडुचेरी ने सभी कक्षाओं के स्कूल खोले हैं। वहीं बाकी राज्यों ने सिर्फ 9वीं क्लास और उसके ऊपर के बच्चों के लिए स्कूल खोला है।

# एमपी BJP में सियासी मुलाकातों से गरमाई राजनीति, विजयवर्गीय ने की CM सहित कई मंत्रियों से मुलाकात

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक, पुष्पांजली टुडे**

भोपाल / मध्य प्रदेश में बीजेपी की राजनीति में एक बार फिर सियासी मुलाकातों का दौर शुरु हो गया है. बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने आज राजधानी भोपाल पहुंचे. जहां विजयवर्गीय ने सीएम शिवराज सिंह चौहान समेत कई मंत्रियों से मुलाकात की है. भोपाल राजा भोज एयरपोर्ट पर कैलाश विजयवर्गीय का बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जमकर स्वागत किया. उन्होंने वल्लभ भवन में सीएम शिवराज सिंह से मुलाकात की।

राजधानी पहुंचते ही कैलाश विजयवर्गीय ने सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया के बंगले पहुंचे. जहां विजयवर्गीय और अरविंद भदौरिया की बंद कमरे में काफी देर तक चर्चा हुई. बैठक के बाद बाहर निकले कैलाश विजयवर्गीय मीडिया से भी रूबरू हुए. इस दौरान सियासी समीकरण के बदलाव पर कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह संवेदनशील सीएम हैं. मुख्यमंत्री वही रहेंगे. उन्होंने ये भी कहा कि मुझे जिस दिन खबर देना होगा मैं दो लाइन की खबर नहीं दूंगा, मैं पूरे पेज की खबर दूंगा।

राज्यपाल से मुलाकात पर कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि राज्यपाल से मेरे पुराने संबंध हैं, इसीलिए उनसे मुलाकात की. मंत्री अरविंद भदौरिया से मुलाकात पर बोले कि औपचारिक मुलाकात की. हर भुट्टा पार्टी का आयोजन करता हूं. पिछली बार कोरोना के कारण नहीं की, इस बार कर रहे हैं. वहीं विजयवर्गीय ने कृषि मंत्री कमल पटेल से भी मुलाकात की है. जहां कमल पटेल ने उनके स्वागत में स्नेह भोज का आयोजन किया था।



### राहुल गांधी के कश्मीर दौरे पर निशाना

बीजेपी राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने इस दौरान राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के कश्मीर दौरे पर भी जमकर तंज कसा. विजयवर्गीय ने कहा कि जहां जाते हैं, वैसे हो जाते हैं, खुद को कश्मीरी पंडित बताते हैं, तो उनकी सरकार थी तब क्या किया. उन्होंने कहा कि कश्मीरी पंडित शरणार्थी बन गए।

### OBC के मुद्दे पर जारी सियासत

कैलाश विजयवर्गीय ने ओबीसी के मुद्दे पर चल रही सियासत पर कहा कि मोदी जी ने चिंता की है. संवैधानिक अधिकार दिया है. कांग्रेस गरीबों की बात करती है, लेकिन वास्तविकता में गरीबों के लिए मोदी ने काम किया है. उन्होंने कहा कि जनधन खातों से पूरा पैसा दिया है, पारदर्शी सरकार है।

# सीरवी चैरिटेबल ट्रस्ट मैसूर के तत्वावधान में हल्लदकेरी आईमाता मंदीर परिसर में एंबुलेंस का उद्घाटन किया

**पुष्पाजंली टुडे**

मैसूरु. सीरवी चैरिटेबल ट्रस्ट मैसूरु के तत्वावधान में हल्लदकेरी स्थित आई माता मंदिर परिसर में आज प्रातः वार्ड संख्या 40 के पार्षद एम.सतीश व बीकानेर जिला के नोखा मंडी के वार्ड संख्या 31 की महिला पार्षद लक्ष्मी देवी राजपुरोहित की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस का उद्घाटन किया गया द्य पार्षद एम.सतीश ने अपने संबोधन में सार्वजनिक उपयोग हेतु एंबुलेंस सेवा की सराहना की द्य पार्षद पति नारायण सिंह राजपुरोहित ने राजस्थानी लोगों से स्थानीय लोगों के साथ आपसी भाईचारा बनाए रखने की बात पर जोर दिया द्य समाज की ओर से दोनों पार्षदों, समाजसेवी बनूर डॉ .महेंद्र सिंह राजपुरोहित काळापा सहित एंबुलेंस के लाभार्थीयो का बहूमान किया गया द्य कार्यक्रम में समाज के वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए द्य इस दौरान कोटवाल हेमाराम मुलेवा, ब्रह्मचार,भेराराम सोलंकी,शिव सिंह,सीरवी चैरिटेबल ट्रस्ट मैसूरु के अध्यक्ष गोपाराम राठोड़,सचिव मोहनलाल बर्फा एवं समस्त ट्रस्टीगण,कर्नाटक सीरवी समाज हल्लदकेरी के अध्यक्ष देवाराम सेपटा,सचिव धर्मीचंद लचेटा,पूर्व अध्यक्ष दुर्गाराम पंवार, पुखराज परिहार अखिल भारतीय सीरवी महासभा के उपाध्यक्ष ढगलाराम चौयल, नवयुवक मंडल व महिला मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद ।




# परी होम केयर द्वारा चलाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



### बुज़ुर्ग व आशक्तजन के लिए मसीहा बनकर सामने आया ओल्ड एज होम

**उमाकान्त शर्मा, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर-शहर में संचालित परी होम केयर मानव सेवा संस्थान द्वारा आज ग्वालियर में फ्री स्वास्थ्य शिविर चलाया गया जिसमें बुजुर्गों और आशक्तजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।शिविर के अंतर्गत बीपी शुगर बजन फिजियोथेरेपी चेकअप किया गया। परी होम केयर मानव सेवा संस्थान के ग्वालियर संभाग के डायरेक्टर श्री पवन सिंह यादव का कहना है कि हमारी संस्था में बुजुर्गों व लकवा ग्रसित मरीजों एवं निसक्तजन की घर जैसी देखभाल की जाती है तथा जो वृद्ध जन हमारे यहाँ भर्ती हैं उनकी पूरी तरह से देखभाल की जाती है जहाँ पर समय समय पर डॉक्टरों की विजिट होती है आपको बता दें कि आज के शिविर में डीबी सिटी सोसाइटी के अध्यक्षों और सदस्यों द्वारा काफी सहायता प्रदान की गई ।

# भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ



**विवेक पाण्डे सोशल रिपोर्टर**

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड।भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता संगठन (लियाफी )द्वारा अभिकर्ता मिलन समारोह का आयोजन संस्कृति मांगलिक गार्डन भिंड में किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता दशरथ सिंह भदौरिया ने की, मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक प्रदीप जी रहे एवं वरिष्ठ अतिथि के रूप में शाबुद्दीन खान ,उषारामआसरे शर्मा जी, धर्मेंद्र मिश्रा जी, पीएन गुप्ता जी ,उप शाखा प्रबंधक चतुर्भुज जी , आत्माराम उपाध्याय जी ,मनीष श्रीवास्तव जी एवं नवरंग सिंह राजपूत रहे।

भिंड अभिकर्ता संघ से धर्मवीर भदौरिया (मसूरी) को अध्यक्ष , बृजेश जोशी अतरसुमा को सचिव , संजीव कुमार शर्मा फूफ वाले को कोषाध्यक्ष , मनोज नरवरिया पिपरी को सह सचिव नियुक्त कर संगठन का दायित्व सौंपा गया।नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है उसे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा एलआईसी के बारे में विभिन्न जानकारी के साथ-साथ एलआईसी के महत्व को बताते हुए वर्तमान में उसकी आवश्यकता को बताया एवं मंच का संचालन संजीव बरुआ ने किया और कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभी स्त्रुष्ट अभिकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रामवीर परिहार ने आभार प्रकट किया।

# रजक समाज की बैठक सपन्न

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

नागोद में रजक समाज की बैठक का आयोजन दिनांक 11.08.2021 स्थान आनंद गेस्ट हाउस नागौद में मुख्य उद्देश्य विन्दु वार,-

1. सतना जिले का रजक समाज का एक संगठन बनाया जाए

2.रजक समाज के प्रति एंव वरिष्ठ समाजसेवी को एक मंच पर लाया जाए

3.सतना जिला में महापुरुष के नाम से संगठन तैयार किया जाए

4.रिटायर्ड शासकीय रजक समाज के कर्मचारियों का एवं पूर्व जीते हुए राजनीति के क्षेत्र में समाज का नाम रोशन करने व्यकितयों का सम्मान समारोह किया जाये !

5.प्रस्ताव रखने वाले व्यक्ति-लष्मीकांत अभिलाष रजक सरपंच बरेठिया प्रस्ताव रखा! जिसमें उपस्थित समाज बधुओं ने सहमति जताई मीटिंग के मुख्य अतिथि -विनोद रजक आमा पूर्व जनपद सदस्य नागौद,विशिष्ट अतिथि-रामविशाल रजक,छकोड़ी लाल रजक,

अध्यक्षता-लक्ष्मीकांत अभिलाष रजक सरपंच बरेठिया

कार्यक्रम का संचालन-वरिष्ठ समाजसेवी धर्मेन्द्र रजक हिलौन्धा,

इस बैठक के आयोजन कर्ता-रजक समाज ब्लॉक ईकाई नागौद

सम्मनित अतिथि-हिम्मतलाल रजक,संजीत रजक,विजय रजक आमा,सतीशराज रजक,भूपेंद्र सिंह रजक,विदेश रजक,महेश रजक,बाबू भाई रजक,अशोक रजक,अरविंद रजक,अरूण रजक,सचिन रजक,मनोज रजक आदि रहे !कार्यक्रम का आभार-समाजसेवी धर्मेन्द्र रजक हिलौन्धा ने किया सभी अतिथियों का तहेदिल से बहुत बहुत धन्यवाद किया।



## (बरसते हुए पानी में वैक्सीन लगवाने के लिए उन लोगों में आ रही है जागरूकता)

# कैलाश वासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन कोविड-19 सेंटर पर 1077 लोगों को लगाई गई वैक्सीन'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे कोविड-19 पीड़ित परिवार जनों की सहायता और वैक्सीन अभियान के तहत कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के तहत भिंड शहर के बाहर मंडल धर्मशाला में आयोजित कोविड-19 सेक्टर में 1077 लोगों को वैक्सीन लगाई गई जिसमें सर्व समाज के लोग ने शांति सद्भावना से अपने परिवार सहित लोगों को टीके लगवाए अभियान में लोगों की जागरूकता अधिक बढ़ रही है 7 वैक्सीन सेंटर पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शर्मा एवं राष्ट्रीय नमो संघ महिला इकाई की जिला अध्यक्ष भाजपा युवा नेत्री श्रीमती ज्योति बोहरे पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री वरिष्ठ अभिभाषक आरबी सिंह बघेल ने बी अपना दूसरा डोस स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से लगवाया और इस अभियान की उन्होंने भरपूर प्रशंसा की 7

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं सेक्टर संयोजक रमेश दुबे ने बताया की बरसते हुए पानी में भी महिलाओं और युवाओं ने लाइन में लगकर अपनी जाग्रता दिखाई और उनमें काफी उत्साह भी दिखाई दिया स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों की मदद से लोगों को टीकाकरण लगाए जाने में मदद मिल रही है इस अभियान में सर्व समाज के लोगों जागरूक हो रहे हैं सुबह से ही कोविड-19 सेंटर पर महिलाओं और 18 साल युवाओं की संख्या अधिक देखने में मिल रही है भाजपा नेता दुबे ने उन्होंने लोगों से अपील की कि लोगों के द्वारा फैलाई जा रही बातों में ना आकर अधिक से अधिक संख्या में सेक्टर पर पहुंचकर लोगों का टीकाकरण कराएं कुछ शासन की व्यवस्थाएं आप सबकी मदद अति आवश्यक है वैक्सीन की कोई कमी नहीं है सभी लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी लोगों में काफी जाग्रता है और लोग वैक्सीन के लिए सेक्टर पर पहुंच रहे हैं केंद्र की नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के शिवराज सिंह चौहान की भाजपा सरकार है प्रदेश की जनता के साथ वैक्सीन अभियान में लगी हुई है 7 कोविड-19 सेक्टर पर अपनी सर्व समाज के व्यक्तियों ने लाइन में खड़े होकर उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और पार्टी कार्यकर्ताओं का भरपूर सहयोग किया 7

अभियान में भाजपा नेता रामदास सोनी एडवोकेट लटूरी प्रसाद शर्मा राजीव दीक्षित विकास शर्मा डॉ तरुण शर्मा दिलीप बोहरे उदयवीर सिंह कुशवाह भाजपा वन खंडेश्वर मंडल अध्यक्ष अमित जैन महामंत्री रवि बाजपेई राधा मोहन चौबे अनिल दुबे अनु अजीत सिंह कुशवाह प्रमुख उपस्थित विशेष रुप से पूरे समय उपस्थित रहकर लोगों को वैक्सीन लगवाने में सहयोग प्रदान किया ।



## वन-टू-वन

### राजा भोज एयरपोर्ट पर 15 कारतूस के साथ यात्री गिरफ्तार, मचा हडकंप

**भोपाल।** राजधानी के राजा भोज एयरपोर्ट पर उस समय हडकंप मच गया जब सुरक्षा चैकिंग के दौरान भोपाल से अहमदाबाद जा रहे एक यात्री के पास से सीआईएसएफ जवानों ने 15 कारतूस बरामद किए। यात्री के पास से कारतूस मिलने की खबर से सनसनी फैल गई। सीआईएसएफ टीम ने व्यक्ति को गांधी नगर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस उससे आगे पूछताछ कर रही है। बताय गया है कि यात्री के पास रिवॉल्वर का लाइसेंस मिला है, लेकिन वो एक्सपायर हो चुका था, जिसे। उसने रिन्यु नहीं कराया था। जानकारी के अनुसार सीआईएसएफ जवानों ने जबलपुर के रहने वाले 56 साल के अजय खंडेलवाल को बुधवार सुबह इंडिगो की फ्लाइट से अहमदाबाद जाना था। सफर से पहले सुरक्षा चेकिंग के दौरान सीआईएसएफ के सब-इंस्पेक्टर कुलदीप ने उनके बैग में रिवॉल्वर के 15 कारतूस पकड़े। कुलदीप ने तुरंत ही अजय को हिरासत में ले लिया। अजय ने सीआईएसएफ की पूछताछ में बताया कि वो जबलपुर के बिजनैसमैन है, ओर यह कारतूस उसके बैग में धोखे से आ गए हैं। पुलिस टीम को अजय ने रिवाल्वर का लाइसेंस दिखाया। लेकिन उनका लाइसेंस एक्सपायर हो चुका है। अजय का कहना कि बैग में महीनों पहले कारतूस रखे थे। एयरपोर्ट आने से पहले उन्होंने बैग कौ चैक नही किया कारतूस बैग में रखे रह गए। पुलिस ने अजय को हिरासत मे लेते हुए आगे की छानबीन शुरु कर दी है।

### मौसम के हाल: बारिश पर ब्रेक अब ट्रफ लाइन व स्थानीय प्रभाव से गिरेगा पानी

**भोपाल।** राजधानी में बारिश थमने के साथ ही मौसम का उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि भोपाल में 3-4 दिन धूप-दांव वाला मौसम रहेगा। उसके बाद बारिश की संभावना है। दरअसल, अरब सागर से आया सिस्टम कमजोर हो गया। नमी भी 65 फीसदी ही रह गई। इस वजह से आसमान साफ होता चला गया और तापमान में भी इजाफा हुआ। अभी तीन-चार दिन मौसम इसी तरह का रहेगा। दिन में कभी धूप तो कभी बादल रहेंगे। इसके बाद फिर एक सिस्टम बंगाल की खाड़ी में सक्रिय होकर आगे बढ़ सकता है। प्रदेश में अगले 24 घंटे में 13 जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश के साथ बिजली गिर सकती है। मौसम विभाग ने रीवा, सागर, शहडोल संभाग के साथ ही प्रदेश के कुछ दूसरे जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। भोपाल में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। फिलहाल भोपाल-इंदौर में मानसून की कोई एक्टिविटी नहीं होने के कारण तेज बारिश की संभावना कम है। सावन में 15 दिन से लगातार हो रही बारिश का सिलसिला 16वें दिन मंगलवार को थम गया। सुबह से तेज धूप निकली। इससे उमस ने बेचैनी बढ़ा दी। हालांकि पूरे दिन बादल भी छाए रहे, लेकिन सिस्टम का प्रभाव कम होने के कारण बारिश नहीं हुई। मौसम विभाग के अनुसार अंचल में अब कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है। मानसून ट्रफ लाइन सामान्य स्थिति में बनी हुई है। इससे केवल स्थानीय प्रभाव के चलते बारिश की संभावना रहेगी। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि मानसून ट्रफ लाइन अमृतसर, कुरुक्षेत्र, मेरठ, गोरखपुर और जलपाईगुड़ी से होते हुए अरुणाचल तक सक्रिय है। दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान के ऊपर चक्रवातीय घेरा बना हुआ है।

### आर्कटिक नॉर्वे में क्लोरीन रिसाव से 96 हजार सैल्मन की मौत

**कोपनहेगन (ए)।** आर्कटिक नॉर्वे में एक टैंक से रिसाव होने के बाद 15 हजार लीटर क्लोरिन फजर्ड में जाने से लगभग 96 हजार सैल्मन की मौत हो गई। सालमोनिडे परिवार में रे-फिनिश मछली की कई प्रजातियों के लिए सैल्मन सामान्य नाम है। सैल्मन फार्मिंग कंपनी ग्रिग सीफूड के प्रवक्ता ने कहा कि रिसाव अल्टा शहर में उसके एक मछली बूचड़खाने में हुआ था। पेडरसन ने नॉर्वे के प्रसारक ने बताया ?कि हम इसे क्लोरीन रिसाव से जोड़ रहे हैं। कंपनी अब मरी हुई मछलियों को जिम्मेदार तरीके से संभाल रही है और जांच कर रही है कि रिसाव कैसे हुआ। पानी को कीटाणुरहित करने के लिए क्लोरीन का उपयोग किया जाता है। उत्तरी नॉर्वे में पुलिस ने ट्विटर पर कहा कि अधिक मात्रा में सैल्मन मर चुकी हैं और लीक हुआ तरल अटलांटिक महासागर में बह गया। जमीन पर किसी भी जहरीली क्लोरीन गैस का कोई खतरा नहीं है। रिसाव के कारणों की जांच की जा रही है।

### अफगान सेना की एयरस्ट्राइक में 18 तालिबान लड़ाके मारे गए, कई शहरों पर कब्जे को लेकर जंग

**कंधार (ए)।** अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के बाद से शुरु हुआ हिंसा का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच तालिबान ने देश के लगभग 65 फीसदी हिस्से पर कब्जा कर लिया है। देश की सात प्रांतीय राजधानियों पर इस समय तालिबान का कब्जा हो गया है। शहरी इलाकों में कब्जे को लेकर अफगान सेना और तालिबान के बीच संघर्ष जारी है। इस बीच, अफगान सेना ने बल्ख प्रांत के मजार में तालिबान पर एयरस्ट्राइक की है, जिसमें कम से कम 18 तालिबानी आतंकी मारे गए हैं। अफगान सेना ने अब तक कुल 439 आतंकियों को ढेर कर दिया है। इस दौरान, कई सैनिक घायल हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान लगातार तालिबान का समर्थन कर रहा है। कहा जा रहा है कि बड़ी संख्या में पाकिस्तान के आतंकी समूहों से जुड़े लोग तालिबान की तरफ से लड़ रहे हैं। अफगानिस्तान की सेना और तालिबान के बीच कुंदुज पर कब्जे लेकर भीषण जंग जारी है। वहीं, शेबरघान, ज़रांज, तालुकान शहर में भी गोलाबारी हो रही है। तालिबान अब तक मुल्क के कई अहम इलाकों पर कब्जा कर चुका है। हालांकि, कुछ जगहों पर अफगानी सैनिक उसे कड़ी टक्कर दे रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिकी फौज के जाते ही 20 साल तक खामोश रहा तालिबान एक बार फिर हिंसक हो गया है।

# संत रामपाल जी महाराज की धार्मिक पुस्तकें करा रही मनुष्य जीवन के मूल उद्देश्य से परिचित


**अमित शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

*ग्वालियर //जगतगुरु संत रामपाल जी महाराज की धार्मिक पुस्तके जीने की राह और ज्ञान गंगा उनके अनुयायियों द्वारा लोगों तक घर - घर पहुंचाई जा रही है जिससे लोगो को मनुष्य जन्म के मूल उद्देश्य का ज्ञान हो रहा है, मनुष्य जन्म का मूल उद्देश्य परमात्मा की भक्ति करना है जिससे हमें सभी प्रकार के सुख ,लाभ और और मोक्ष प्राप्त होगा, यदि मनुष्य जन्म मिलने के बाद पूर्ण गुरु से नामदीक्षा लेकर भक्ति नहीं की तो मनुष्य जन्म व्यर्थ हो जाएगा फिर हमें बहुत कष्टों से होकर गुजरना होगा 84 लाख प्रकार की योनियों में महाकष्ट उठाना पड़ेगा, नरक में महाकष्ट उठाना पड़ेगा, अभी वक्त है यदि है वक्त हाथ से निकल गया फिर हमारे पास पछताने के अलावा कुछ नहीं रह जाएगा।*

*कबीर साहब अपनी वाणी में कहते हैं,*

*कबीर, आछे दिन पाछे गए, गुरु से किया ना हेत।*

*अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत।।*



*कबीर, मानुष जन्म पायकर, जो नहीं रटे हरि नाम।*

*जैसे कुआं जल बिना, फिर बनवाया किस काम।।*

*कबीर, मानुष जन्म दुर्लभ है, मिले ना बारम्बार।*

*तरुवर से पत्ता टूट गिरे, फिर ना लगता डार।।*

*कबीर, यह तन जाएगा, सके तो ठाहर ला।*

*एक सेवा कर सतगुरु की, और गोविंद के गुण गा।*

*परमात्मा कबीर साहेब जी की वाणी में यदि मनुष्य जन्म मिलने के बाद भक्ति नही की तो आप कहने मात्र के मनुष्य हो आप में मनुष्य के गुण नहीं है, जो प्राणी मनुष्य जन्म में भक्ति नहीं करता है उसमें और गधे में कोई अंतर नहीं है,*

*परमात्मा की वाणी में*

*भक्ति बिना नर खर एक है, जिन हर पद नहीं जाना।*

*पारब्रह्म की परख नही रे, ये पूज मरे पाषाना।।*

## 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व नगर संघचालक मनमोहन बोहरे की माताजी श्रीमती कुंवर बोहरे का निधन'

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड( ब्यूरो )।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व नगर संघचालक एवं लोकतांत्रिक सेनानी मनमोहन बोहरे जी की माता जी श्रीमती कुंवर देवी बोहरे का निधन हो गया वे 100 वर्ष की थी जिन के निधन पर भाजपा नेताओं ने दुख व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की द्य



श्रीमती बोहरे के निधन पर श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती संध्या राय प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी भाजपा जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर पूर्व जिला अध्यक्षों में केशव सिंह भदौरिया अवधेश सिंह कुशवाह संजीव कहां कर वीरेंद्र सिंह राणा रवि सेन जैन कोक सिंह नरवरिया मायाराम शर्मा राममिलन शर्मा आनंद वर्मा राजेंद्र शर्मा राजे पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया पूर्व विधायक रसाल सिंह पूर्व विधायक श्री राम जाटव पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदौरिया पूर्व विधायक मथुरा प्रसाद महंत पूर्व विधायक राकेश शुक्ला पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह पूर्व विधायक रणवीर सिंह जाटव रमेश दुबे रोमेश महंत अमरीश शर्मा देवेंद्र सिंह नरवरिया आदि प्रमुख हैं ।

**सेवा ही संगठन है**

## आज भारतीय जनता पार्टी मंडल इंदरगढ़ के ग्राम एंडोरा एवं खैरोना में जिला अध्यक्ष आदरणीय सुरेंद्र बुधौलिया एवं मंडल अध्यक्ष रामलखन गुर्जर के

**विवेक सेन रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

इंदरगढ़ / नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें समस्त कार्यकर्ताओं ने आपस में धन संग्रह कर 10 किलो आटा तेल दाल आलू ब्याज मसाले आदि चीजों की किट तैयार कर समस्त एंडोरा ग्राम वासियों को एवं खैरोना ग्राम वासियों को वितरण किया इस अवसर पर पूर्व विधायक राधेलाल बघेल जनपद के अध्यक्ष बांके बिहारी शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप दातरे जी सुरेश बालाजी वरिष्ठ नेता अखिलेश मुद्गल वरिष्ठ नेता विनोद उपाध्याय वरिष्ठ नेता रामस्वरूप मंडेलिया मंडल महामंत्री शोभाराम कुशवाह वरिष्ठ नेता विक्की नगरिया मंडल उपाध्यक्ष अनिल शर्मा रामपुरा प्रतिपाल यादव मंडल मंत्री राकेश खटीक रामज्ञान शर्मा जी मंडल कोषाध्यक्ष दिनेश सहारे कार्यालय मंत्री हेमा कुशवाहा भाजपा नेत्री डॉक्टर बलवंत कुशवाहा सुंदरम मुद्गल मंडल मीडिया प्रभारी शोभाराम पटवा महामंत्री ग्रामीण मंगल यादव वीरू खटीक पत्रकारिता बंधु एवं समस्त ग्रामीण जन।



# गुडा नारकान वृक्षारोपण महाअभियान का किया शुभारंभ

### आला अधिकारियों के सानिध्य में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो , पुष्पांजली टुडे**

पाली निकटवर्ती सोनाई माझी गुडा नारकान में बुधवार को महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत बां.बापू वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन पाली जिला कलेक्टर आईएएस अंशदीप के अध्यक्षता में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। पर्यावरण प्रेमियों ने गांव में प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी साख संभाल करने की जिम्मेदारी के बारे में बताया साथ ही पेड़ पौधे हमे शुद्ध आक्सीजन प्रदान कराते हैं। वही पाली प्रधान मोहनी पुखराज पटेल ने पेड़ पौधे मानव जीवन का अभिन्न अंग होना बताया। सरपंच पुरण कवर ने पर्यावरण को खतरे से बचाने के लिए पौधरोपण जरूरी है। पाली पंचायत समिति विकास अधिकारी मोहनलाल चौधरी ने जन औषधि आयुर्वेदिक काढ़ा एवं नीम गिलोय की उपयोगिता के बारे में बताया। ओर प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़ पौधे लगाना जरूरी है । जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी आईएएस श्वेता चौहान। पाली उपखंड अधिकारी आई ए एस देसल दान चारण। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जिला स्तर पर चयनित सदस्यों को कार्यक्रम में आयुर्वेदिक औषधि पौधे वितरित किए।




### यह रहे मौजूद

इस मौके पर रानी उपखंड अधिकारी गोमती शर्मा, रानी तहसीलदार मादाराम, विकास अधिकारी आवडदान चारण , प्रधान श्याम कंवर, सरपंच दुर्गा दाधिच, प्रधानाचार्य शांति चौहान, समाजसेवी गिरधारीसिंह बोलागुड़ा, थाना अधिकारी रविंद्रपालसिंह राजपुरोहित, पूर्व सरपंच रुपेश दाधीच, खौड पुलिस चौकी प्रभारी चौथाराम नागौरा, भामाशाह गणपतराज मेहता, ग्राम विकास अधिकारी महावीरसिंह,पंचायतराज सहायक अभियंता मनीष मजूमदार, प्रधानाचार्य हेमंत कुमार दवे, मुकेश सीरवी, उपसरपंच मालमसिंह,आरआई दलाराम सीरवी, पटवारी सौरभ प्रकाश, जेटीओ चंपालाल मीणा, विक्रमसिंह,वार्ड पंच सोहनलाल सोलंकी, तुलसी कुमावत, देवी कंवर ,समेत ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# मप्र में सोयाबीन का रकबा 25 फीसदी घटा

### पैदावार भी कम होने की आशंका

### लगातार नुकसान के चलते किसानों ने सोयाबीन छोड़ धान को अपनाया

### मौसम का दुष्प्रभाव और कीट प्रकोप भी देने लगा दिखाई

**भोपाल।** बंपर पैदावार के चलते मप्र को ख्याति दिलाने वाली सोयाबीन फसल से अब किसानों का मोह भंग हो गया है। लगातार नुकसान झेल रहे किसान अब धान, उड़द और अरहर की खेती में रुचि लेने लगे हैं। इस बार प्रदेश में सोयाबीन का रकबा करीब 25 फीसदी घट गया है। वहीं मौसम के दुष्प्रभाव और कीट प्रकोप की मार झेल रहे सोयाबीन की पैदावार भी इस साल 50 फीसदी घटने की आशंका जताई जा रही है। इसका असर सोयाबीन तेल के दामों में बढ़ोतरी के रूप में दिखाई दे सकता है। दस साल पहले तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में काफी सोयाबीन बोया जाता रहा, लेकिन मौसम की मार और पैदावार में कमी से यह घाटे का सौदा बनने लगा। पिछले साल अतिवर्षा के कारण प्रदेश में सोयाबीन फसल को काफी नुकसान हुआ था। इस वजह से इस बार किसानों को बीज भी मुश्किल से मिला और दाम भी दोगुना से अधिक रहे।



**50 फीसदी तक घट गई पैदावार:** कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सोयाबीन की पैदावार प्रति हेक्टेयर 18 से 20 क्विंटल मानी जाती रही है लेकिन पांच वर्षों के दौरान यह घटकर आठ से 10 क्विंटल तक पहुंच गई है। जबकि लागत हर साल बढ़ती रही। कृषि विभाग के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में बीते साल 66,73,869 हेक्टेयर में सोयाबीन की बोवनी हुई थी। इस साल इसका रकबा 50,05,402 हेक्टेयर रह गया है यानी इसमें पिछले साल के मुकाबले 25 फीसदी की गिरावट आ गई है। पिछले साल की तुलना में धान का रकबा 44 फीसदी बढ़ गया है।

**लगातार घट रही है पैदावार:** वर्ष 2018-2019 तक मध्य प्रदेश सोयाबीन का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य था। उस वक्त सालाना पैदावार 67 लाख टन के करीब थी। वर्ष 2019-2020 में यह घटकर 49 लाख टन रह गई। वर्ष 2020-2021 में पैदावार 51 लाख टन रही। इस बार खराब मौसम और कीट प्रकोप से पैदावार में काफी कमी आ सकती है। सोयाबीन की पैदावार कम होने की मुख्य वजह किसानों ने फसल में रोटेशन सिस्टम नहीं अपनाया। एक ही फसल बोते रहे। जमीन की उर्वरा शक्ति लगातार कम होती रही। इससे कीट प्रकोप भी बढ़ता गया।

**सोयाबीन तेल की कीमतों में आएगा उछाल:** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि तलरेजा बताते हैं कि पिछले एक साल में सोयाबीन तेल की कीमत में 53 रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि हुई है। सोयाबीन की पैदावार घटने से तेल के दाम दस फीसद तक फिर बढ़ सकते हैं।

### टीआई पर महिला ने लगाया रेप का आरोप, टीआई निलंबित, जॉच शुरु

**भोपाल/होशंगाबाद(ए)।** प्रदेश के होशंगाबाद जिले में वर्दी को दागदार करने का एक ओर मामला सामने आया है। एक महिला ने रामपुर थाने के पूर्व प्रभारी एसआई राजन सिंह गुर्जर के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाया है। जानकारी के इटारसी की रहने वाली पीडीता ने अपनी शिकायत मे कहा करीब पॉच महीने पहले एसआई राजन गुर्जर इटारसी थाने में पदस्थ थे। इटारसी थाने में उनसे उसकी जान पहचान हुई। इसके बाद एसआई गुर्जर ने उसका नंबर ले लिया और बाद में व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेजने लगे। पीडीत के मना करने पर उन्होंने उसे अपने झांसे मे लेते हुए कहा कि वो उसके साथ जीवन गुजारना चाहते है। महिला ने अपनी शिकायत मे आगे बताया कि वो उसकी बातों में आ गई।

वन-टू-वन

## गरिमापूर्ण समारोह में टाटा की नई गाड़ी टियागो एनआरजी की लॉचिंग

**ग्वालियर।** ग्वालियर में शिवपुरी लिंक रोड स्थित टाटा के अधिकृत डीलर समर्थ कार्स प्रा. लि. के शोरूम पर आज एक गरिमापूर्ण समारोह में समर्थ कार्स के डायरेक्टर समर्थ अग्रवाल द्वारा टाटा की नई टियागो एनआरजी की लॉचिंग की गई। यह गाड़ी हैचबेक सेगमेंट में टाटा कंपनी के द्वारा आधुनिक फीचर्स के साथ मार्केट में उतारी गई है। टाटा टियागो एनआरजी की खुबियों के बारे में समर्थ अग्रवाल ने बताया कि टियागो एनआरजी में नये एवं आधुनिक फीचर्स जोड़े गये है, जो कि इस सेगमेंट में इस गाड़ी को बेहतरीन बनाते है। इसमें आर 15 के डयुअल टोन हाईपर स्टाईल के व्हील है एवं पुश बटन के साथ स्टार्ट होने वाली की लेस एन्ट्री दी गई है। इसका ग्राउण्ड क्लीरेंस 181 मिलीमीटर होने के कारण यह ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के लिये अनुकूल होगी। इसके अलावा एनआरजी में 17.7 सेंटीमीटर के टच स्क्रीन एवं 4 स्पीकर के साथ बेहतरीन म्यूजिक सिस्टम भी दिया गया है। समर्थ अग्रवाल ने बताया इसमें 2 एयर बेग के साथ ही इसको 4 स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली हुई है, इसका दमदार इंजन 1199 सीसी का है।

## 21 लाख लेकर जमीन की रजिस्ट्री करने से मुकरा

**ग्वालियर।** एक व्यक्ति ने 21लाख में जमीन का सौदा कर एग्रीमेंट कर लिया बाद में रजिस्ट्री करने से मुकर गया ।इसके बाद पीड़ित थाने पहुंचा और मामला दर्ज कराया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार झांसी रोड थाना क्षेत्र के बसंत विहार निवासी अच्तुय सिंह निजी कारोबारी हैं उनके पिता और बादाम सिंह गुर्जर आपस में मित्र कुछ साल पहले बादाम सिंह ने उनसे ?6 लाख उधार लिए थे जब रुपए लौटाने का समाया है तो बादाम सिंह सिंह उनके पास पहुंचा और कहा कि उसके पास पैसे नहीं है अगर वह चाहे तो वह अपनी जमीन बेच सकता है ।जमीन पसंद आने पर 8लाख बीघा के हिसाब से 21लाख का सौदा हुआ और उसका एग्रीमेंट कर लिया ।जब रजिस्ट्री का समय आया तो बादाम सिंह बहाने करने लगा और आजकल कहने लगा। इस बीच औचित्य सिंह ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि उन्होंने जिस जमीन का सौदा किया है वह बादाम सिंह किसी और को पहले ही बेच चुका है ।इसके बाद पीड़ित थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई ।झांसी रोड थाना पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**ग्वालियर।** देहात के पनिहार थाना क्षेत्र में सड़क पर जा रहे एक युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। वहीं पुलिस ने आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार पनिहार थाना क्षेत्र के बेला की बावड़ी के पास 40 वर्षीय एक युवक पैदल जा रहा था तभी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को कब्जे में लिया मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## बदमाश ने महिला के गले से चेन झपटी

**ग्वालियर।** जिले के डबरा में ठाकुर बाबा रोड स्थित केशव दयाल की कोठी के पीछे एक गली में एक बदमाश महिला के गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन लूट ले गया। घटना के बाद महिला थाने पहुंची और मामले की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार विवेक विहार कॉलोनी में रहने वाली महिला करिश्मा अग्रवाल बाजार से अपने घर जा रही थी। वह केशव दयाल की कोठी के पीछे पहुंची ही थी कि पैदल जा रहा एक बदमाश अचानक उनके गले में झपट्टा मारकर सोने की चेन छीन ले गया। महिला चिल्लाते हुए उसके पीछे भागी लेकिन बदमाश कुछ दूरी खड़े अपने एक अन्य साथी की बाइक पर बैठकर भाग निकला। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बदमाशों की तलाश प्रारंभ कर दी है।

## कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की वैवाहिक पत्रिका कान्यकुब्ज दर्पण का विमोचन एवं परिचय सम्मेलन समारोह 14 को

ग्वालियर। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ग्वालियर की वैवाहिक पत्रिका कान्यकुब्ज दर्पण का विमोचन एवं राष्ट्रीय परिचय सम्मेलन समारोह 14 अगस्त शनिवार को दोपहर एक बजे से चार बजे तक इन्द्रप्रस्थ गार्डन गोला का मंदिर चौराहे पर आयोजित किया गया है।

# डबरा में बाढ़ प्रभावित पीड़ितों के लिए दी जा रही मदद का सिंधिया खेमे की पूर्व मंत्री ने लिया जायजा

### कहा- मेरे अपने लोग भूखे न रहें





**ग्वालियर।** सिंधिया खेमे की नेता पूर्व मंत्री इमरती देवी एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में वह एक मंदिर में बैठकर पूड़ियां बेल रही हैं। यह वीडियो डबरा के बमरौली मंदिर का है, जहां डबरा के बाढ़ प्रभावित गांव चांदपुर के पीड़ितों के लिए सुबह और शाम का खाना तैयार हो रहा था। जब पूर्व मंत्री वहां पहुंचीं तो चौकी-बेलना देखकर वह खुद को रोक नहीं सकीं।

उन्होंने जमीन पर बैठकर वहां मौजूद अन्य महिलाओं के साथ पूड़ियां बेलना भी शुरू कर दिया। पूड़ियां भी एक दम गोल-गोल बेली जा रही थीं। वीडियो सामने आने के बाद कई कयास भी लगाए जा रहे हैं। क्या यह पूड़ियां राजनीतिक हैं या क्षेत्र के लोगों की भावनाओं से जुड़ी हैं। बता दें कि इमरती देवी डबरा सीट से तीन पर बार विधायक रह चुकी हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया की समर्थक और पूर्व मंत्री इमरती देवी हमेशा से अपने अलग स्वभाव व देसी अंदाज के लिए जानी जाती हैं। बाढ़ की चपेट में आए चांदपुर गांव के लोगों के लिए सुबह के नाश्ते से दिन और रात के खाने तक की जिम्मेदारी वह खुद लिए हुए हैं। डबरा के बमरौली मंदिर में लगातार भंडारा चल रहा है। मंदिर में राहत कैंप के लिए खाना बनाए जाने और पैकिंग के इंतजाम को देखने के लिए वह दोपहर में खुद पहुंची थीं। यहां उन्होंने देखा कि एक पूड़ी बेलने वाली महिला कम है। किसी कारणवश वह नहीं आ पाई थीड्डु। बस फिर क्या था पूर्व मंत्री इमरती बैठ गई पूड़ियां बेलने। इसके बाद तो एक के बाद एक कई पूडियां बनाई। वीडियो सामने आने के बाद यह शहर में काफी चर्चित हो रहा है। लोग इसे राजनीतिक स्टंट भी कह रहे हैं। लोगों का कहना है कि डबरा विधानसभा सीट पर उपचुनाव हार चुकीं इमरती देवी इस तरह के काम कर लोगों के करीब जाना चाहती हैं। इससे आने वाले समय में वह वापस इस इलाके में काम कर रही हैं। पूर्वमंत्री लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों में घूम रही हैं और लोगों के करीब जा रही हैं। डबरा के पीड़ित परिवारों के लिए खाना से लेकर अन्य मदद भी मुहैया करा रही हैं। वीडियो में खुद इमरती देवी कहती दिख रही हैं कि मेरे अपने लोग किसी भी हालत में इस आपदा में भूखे नहीं सोने चाहिए।

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का समयसीमा में करें निराकरणः प्रभारी निगमायुक्त श्री गुप्ता

**ग्वालियर।** सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को समयसीमा में गंभीरता के साथ निराकृत करें तथा जुलाई माह के लंबित प्रकरणों का निराकरण 7 दिवस में करें। उक्ताशय के निर्देश प्रभारी निगमायुक्त श्री मुकुल गुप्ता ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सिटीसेंटर स्थित बालभवन टीएलसी में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रभारी निगमायुक्त श्री गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए विभागवार पेंडेंसी की जानकारी ली तथा सीवर, पेयजल, विद्युत, साफ सफाई एवं सडक आदि की समस्याओं से संबंधित शिकायतों को तत्काल निराकरण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में प्रभारी निगमायुक्त श्री गुप्ता ने मटमैले एवं गंदे पानी की समस्याओं को लेकर आ रहीं शिकायतों पर भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस स्तर पर समस्या आ रही है

# ग्वालियर से सूरत, देहरादून एवं गोवा के लिए फ्लाइट प्रारम्भ की जाए : एमपीसीसीआई

### केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री, ज्योतिरादित्य जी सिंधिया को लिखा पत्र




**ग्वालियर ।** अंचल के व्यवसाईयों एवं उद्योगपतियों सहित आम यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्वालियर से सूरत, देहरादून एवं गोवा के लिए भी विमान सेवा प्रारम्भ किए जाने की माँग एमपीसीसीआई द्वारा पत्र के माध्यम से केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया से की है । एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि ग्वालियर से सूरत, देहरादून एवं गोवा के मध्य वर्तमान में ट्रेन संख्या कम होने से यात्रियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । ग्वालियर शहर सहित अंचल के हजारों व्यवसाईयों का नियमित रूप से ग्वालियर से सूरत, देहरादून एवं गोवा आवागमन बना रहता है । बावजूद इसके ग्वालियर से इन शहरों के लिए एयर कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण शहर के व्यवसाईयों एवं उद्योगपतियों को देश के इन बड़े शहरों में आने-जाने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है ।

पदाधिकारियों ने प्राथमिकता के आधार पर ग्वालियर से सूरत, देहरादून एवं गोवा के लिए नियमित विमान सेवा शीघ्रातिशीघ्र प्रारम्भ करने हेतु विमानन कं. को निर्देशित करने का अनुरोध केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया से किया है ।




Prashant Bhadouriya 0751-4910086 Prabal Rajawat
8279318693 CNTX- 2286 9584013254
Airson PHARMA
Pharmaceutical Distributor
Deal's in - MANKIND, FDC, CHARAK, ABBOTT, MECLEODS, CIPLA, HIMALAYA, MEDLEY, SANOFI ETC
Hujrat Pull Near Madhav Plaza, Jinshi Road-2, Lashkar, Gwalior (M.P.)
Gmail : airsonpharma20gmail.com







स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478